

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-72 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## पहलगाम आतंकी हमले पर पीएम मोदी की दहाड़, बोले- आतंकियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी



मधुबनी (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए आज कहा कि अब आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी। श्री मोदी ने गुरुवार को यहां झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा, यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी।पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है। इस दुख की घड़ी में पूरा देश साथ खड़ा है। इस आतंकी हमले में किसी ने बेटा, किसी ने भाई, किसी ने जीवनसाथी खोया है, कोई बांग्ला, कोई कन्नड़ा, कोई मराठी, कोई उड़िया, कोई गुजराती, कोई बिहार का लाल था। कश्मीर से कन्याकुमारी तक हमारा दुख, आक्रोश एक जैसा है। ये हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया। हमला करने वाले आतंकियों और साजिश रचने वालों को कल्पना से बड़ी सजा मिलेगा। सजा मिलकर रहेगी।

### पानी रोकने को पाकिस्तान ने बताया 'युद्ध' का ऐलान, वाघा बॉर्डर बंद, शिमला समझौता रद्द करने की दी गीदड़भभकी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के कड़े फैसले से बिलबिलाए पाकिस्तान ने भारत के साथ व्यापार खत्म करने का ऐलान किया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक बुलाई। भारत ने जवाब में कड़े कदम उठाते हुए सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया। वहीं, भारत के इस एक्शन के बाद पाकिस्तान बौखला गया है। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइनों के लिए हवाई क्षेत्र बंद कर दिया, साथ ही वाघा सीमा क्रॉसिंग भी बंद कर दी। इसके अलावा पाकिस्तान ने शिमला समझौते को भी रद्द करने की चेतावनी दी है। इस बैठक में भारत सरकार के सख्त फैसलों पर करीब दो घंटे तक चर्चा की गई। बैठक में पाकिस्तान सरकार ने भारत के साथ व्यापारिक संबंध खत्म करने की घोषणा की। इसके साथ ही भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है।




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्यों ने लखनऊ के पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में पुतला जलाया।

## पहलगाम हमले पर हुई सर्वदलीय बैठक 2 घंटे चलीः राहुल बोले- सरकार की हर कार्रवाई को विपक्ष का समर्थन



नई दिल्ली(ए.)। जम्मू कश्मीर की पहलगाम घाटी पर आतंकी हमले के बाद भारत ने कई अहम फैसले लिए हैं। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संसद भवन में सर्वदलीय बैठक की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और अन्य नेता सर्वदलीय बैठक में मौजूद है। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की स्मृति में केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक से बाहर निकलकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हर एक्शन पर सरकार को पूरा सपोर्ट है। बैठक में शामिल रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी दलों ने हमले की निंदा की है। कश्मीर में शांति के प्रयास पर चर्चा हुई। सरकार को किसी भी एक्शन के लिए समर्थन है।पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान बॉर्डर भी अलर्ट मोड पर है। इस बीच भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए कल यानी 25 अप्रैल श्रीनगर का दौरा करेंगे।

## एक और बड़ा एक्शन... पाकिस्तानियों को 3 दिन के अंदर छोड़ना होगा भारत, वीजा बस 27 अप्रैल तक ही मान्य

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए तत्काल प्रभाव से वीजा सेवाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है।भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल 2025 से रद्द कर दिए जाएंगे। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा की संशोधित अवधि समाप्त होने से पहले भारत छोड़ देना होगा। वहीं, भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा करने से बचने की सख्त सलाह दी गई है। साथ ही, वर्तमान में पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की सलाह दी गई है। पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद भारत ने पंजाब में वाघा-अटारी सीमा पर चेक पोस्ट बंद करने और सार्क वीजा छूट योजना (एसवीईएस) को रद्द करने का फैसला किया है, जिससे पाकिस्तानी नागरिकों के लिए प्रवेश के रास्ते बंद हो गए हैं।वैध प्रमाण-पत्र के साथ अटारी सीमा से प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लौटने के लिए 1 मई तक का समय दिया गया है, जबकि एसवीईएस वीजा वाले लोगों को 48 घंटे से कम समय में वापस लौटना होगा।



## दुश्मनों को सख्त संदेश : नौसेना ने अरब सागर में जंगी जहाज से किया मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण



नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर भारत ने दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए गुरुवार को जंगी जहाज आईएनएस सूरत से मिसाइल परीक्षण किया। नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी है। नौसेना के मुताबिक, इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक जहाज आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की है। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेश निर्मित निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सटीक हमला किया। यह देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## पहलगाम हमले के बाद दिल्ली स्थित पाक हाईकमीशन में केक ले जाते दिखा कर्मचारी, भीड़ ने रोका पूछा- किस बात का जश्न है?

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पहलगाम में आतंकी हमला के बीच दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात एक कर्मचारी केक लेकर अंदर जा रहा था। जब मीडिया ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ नहीं बोला कि आखिर किस खुशी में ये केक अंदर लेकर जा रहे हो। पहलगाम आतंकवादी हमले के बीच पाकिस्तान हाईकमीशन के बाहर केक लाने पर सवाल खड़े हो गए हैं। मीडिया ने उस कर्मचारी से बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने कुछ नहीं बोला कि आखिर किस खुशी में ये केक अंदर लेकर जा रहे हो। हालांकि केक किसलिए और किन वजहों से मंगाया गया है, यह अभी तक साफ नहीं हो सका है।



## नरवाई जलाई तो नहीं मिलेगा सीएम किसान कल्याण योजना का लाभ, एमएसपी पर फसल उपार्जन भी नहीं करेंगे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*वायु एवं मृदा प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकार का निर्णय एक मई से होगा लागू*
*मध्यप्रदेश स्वामित्व योजना एवं फार्मर रजिस्ट्री में देश में प्रथम स्थान पर*



भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है। फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने के मामलों में वृद्धि होने से वायु प्रदूषण सहित कई प्रकार से पर्यावरण को बेहद नुकसान हो रहा है। खेत में आग लगाने से जमीन में उपलब्ध पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरक क्षमता में भी गिरावट आती है। इसके निदान के लिये राज्य सरकार पहले ही नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसके बाद भी यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है तो उसे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा नरवाई जलाने पर संबंधित किसान से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल उपार्जन भी नहीं किया जाएगा। वे समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में राजस्व विभाग की समीक्षा में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, मृदा संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय एक मई से लागू होगा।

### शासकीय भूमि, कुएं, बावड़ियों एवं गांवों में सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण हटाने के लिए चलाएं अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय भूमि, कुएं, बावड़ियों, तालाबों एवं गांवों में सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण हटाने के लिए सख्ती से विशेष अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी जल संग्रहण स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राजस्व अधिकारी अपनी महती भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी अमृत सरोवर, तालाब, बांध, नहर एवं अन्य जल संरचनाओं को राजस्व अभिलेखों में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और अभियान में नहर, कुए और बावड़ियों जैसी जल संरचनाओं को पूर्णतः अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

### साइबर तहसील परियोजना से मिल रहा बड़ा लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजस्व सहित सभी विभाग डिजिटाइजेशन की दिशा में अग्रसर है। इसका सीधा लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है, उन्हें अब जरूरी कार्यों के लिए लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ता है। मध्यप्रदेश की साइबर तहसील परियोजना इसी दिशा में किया गया एक नवाचार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार" देकर इसकी सराहना की है। उन्होंने बताया कि साइबर तहसील के सकारात्मक परिणाम मिले हैं और किसानों सहित सभी नागरिकों के जीवन में बड़ा बदलाव नजर आ रहा है।

## जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली(ईएमएस)। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल की हवा खा चुके तमिलनाडु के मंत्री सेंथल बालाजी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग केस में सेंथिल बालाजी को दी गई जमानत को वापस लेने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन पर जमानत की शर्तों को तोड़ने का आरोप है। इस पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा। न्यायमूर्ति अभय ओका की बेंच ने साफ कह दिया कि अगर जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी से कहा, हम इस आचरण को बर्दाश्त नहीं करेंगे! हम आपको एक विकल्प दे रहे हैं-आजादी या मंत्रिमंडल का पद सेंथिल बालाजी ने सुप्रीम कोर्ट के टफ स्टैंड को देखते हुए कहा कि वह सोमवार तक अपना निर्णय लेंगे और सुप्रीम कोर्ट को सूचित करेंगे कि क्या वह मंत्री पद पर बने रहेंगे या नही? यह मामला तमिलनाडु में कथित नौकरी के बदले नकद घोटाले से जुड़ा है। न्यायमूर्ति अभय ओका ने सेंथिल बालाजी को फटकार लगाते हुए कहा कि जमानत देने का मतलब यह नहीं कि आपको पद पर बने रहने की शक्ति भी दी गई है, जिससे आप पीड़ितों को प्रभावित करें!न्यायमूर्ति ओका ने सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी से कहा, जब वह मंत्री थे तब उनके द्वारा समझौता कराने के तरीके पर स्पष्ट टिप्पणियां दर्ज की गई थीं। हमने उन्हें वह अधिकार नहीं दिया कि वह सत्ता में लौटकर गवाहों को प्रभावित करें। सुप्रीम कोर्ट ने सेंथिल बालाजी से कहा, आपका पिछला आचरण दर्शाता है कि आपने गवाहों को प्रभावित किया है और अब आप फिर से मंत्री बन गए हैं!






### पहलगाम आतंकी हमला : अखिलेश यादव का बयान, आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता...

लखनऊ (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है। उनका मकसद लोगों में डर पैदा करना होता है। सरकार को ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को राजधानी लखनऊ में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हम ऐसी घटना की निंदा करते हैं, सरकार को ऐसे आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, क्योंकि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। आतंकियों का मकसद डर पैदा करना, देश-प्रदेश के कारोबार को रोकना, लोगों को तकलीफ पहुंचाना है। इस घटना के खिलाफ पूरे देश में गुस्सा है। हमारे राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव सर्वदलीय बैठक में समाजवादी पार्टी की तरफ से सुझाव रखेंगे।

## पहलगाम अटैक के बाद उधमपुर में आतंकियों से मुठभेड़, एक जवान शहीद; सर्च ऑपरेशन जारी

उधमपुर(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान तेज हो गया है। गुरुवार को उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया है। मिली खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया।

यह मुठभेड़ डूडू क्षेत्र में चल रही है, जहां दोनों ओर से भारी गोलीबारी हो रही है और सुरक्षाबलों ने आतंकियों को चारों ओर से घेर लिया है। ऑपरेशन फिलहाल जारी है।गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ गई है। बीते 24 घंटे में यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले, कुलगाम और बारामूला में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। 23 अप्रैल को बारामूला में नियंत्रण रेखा (LoC) के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई, जिसमें दो आतंकियों को मार गिराया गया। उनके पास से AK-सीरीज राइफलें, एक चीनी पिस्टल, 10 किलो IED और अन्य हथियार बरामद किए गए। सुरक्षाबलों का मानना है कि ये आतंकी घाटी में किसी बड़ी वारदात की फिराक में थे।



लगातार मुठभेड़ों और आतंकी हमलों के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन्स चलाए जा रहे हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# प्रदेश के सभी अंचलों में समान रूप से उद्यमिता का हो विस्तार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराए जाएं

## खाद्य प्र-संस्करण इकाईयों जैसी सूक्ष्म गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है आवश्यक



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के माध्यम से प्रत्येक परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा सकते हैं। प्रत्येक जिले की परिस्थिति और उपलब्ध दक्षता के अनुसार गतिविधियों का विस्तार किया जाये। तेल घानी, मसाला-आटा चक्की, कोदो-कुटकी व अन्य मिलेट की प्र-संस्करण इकाई जैसे सूक्ष्म उद्योगों से युवाओं को जोड़ते हुए सम्पूर्ण प्रदेश में समान रूप से उद्यमिता का विस्तार किया जाये। इसमें खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। कृषि उपज मंडियों को भी आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसमें दूध, सब्जी आदि को सुरक्षित रखने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, इसकी शुरूआत रतलाम से होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में विभागी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत-विकसित मध्यप्रदेश की संकल्पना को साकार करने में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से सूक्ष्म स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश वर्तमान में देश में 7वें स्थान पर है, अगले वर्ष तक हमें प्रदेश को देश के श्रेष्ठतम राज्यों में स्थान दिलाना है। एमएसएमई के लिए उचित वित्त-व्यवस्था और अधोसंरचना, स्वरोजगार योजनाओं और स्टार्ट-अप ईको सिस्टम को सशक्त करते हुए बेहतर विपणन, निर्यात व ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समय-सीमा निर्धारित कर गतिविधियां संचालित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को उद्योग और रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दो माह के अंतराल में राज्य के अलग-अलग अंचलों में उद्योग-रोजगार दिवस का आयोजन किया जाए। पॉवरलूम सहित अन्य परम्परागत उत्पादन गतिविधियों को निरंतरता प्रदान करना आवश्यक है। इसी लिये विशेषज्ञों का सहयोग लेकर कौशल उन्नयन तथा तकनीकी दक्षता में सुधार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर कैम्प आयोजित किये जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नए उद्यमियों को प्रोत्साहित करना जरूरी है। अपनी पहल और नवाचार से सफलतापूर्वक गतिविधियां संचालित करने वाले उद्यमियों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाए। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में हुए भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम को स्वर्ण पदक से पुरस्कृत होने पर बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में हुए विक्रमोत्सव से क्षेत्रीय स्तर पर व्यापार-व्यवसाय को प्रोत्साहन मिला है। प्रदेश के जिन क्षेत्रों में व्यापार मेले लगाए जा सकते हैं, उसका अध्ययन कर ट्रेड फेयर के लिए समेकित योजना बनाकर गतिविधियां संचालित की जाएं। बैठक में जानकारी दी गई कि 55 हजार करोड़ रूपए के निवेश से प्रदेश में 17 लाख 55 हजार पंजीकृत एमएसएमई इकाईयां संचालित हैं। इससे 92 लाख से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है।

## मध्यप्रदेश हर परिस्थिति में केन्द्र के साथ : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पहलगाम में आतंकियों के कायराना हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने महत्वपूर्ण प्रतिबंधात्मक निर्णय लिए हैं। केन्द्र सरकार के यह फैसले देश के स्वाभिमान को बढ़ाने वाले हैं। ये महत्वपूर्ण फैसले अपने नागरिकों के प्रति केन्द्र सरकार की संवेदनशीलता को भी दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमारे देश का अभिन्न अंग है। केन्द्र सरकार ने यहां वर्षों से चली आ रही परेशानियों को समाप्त कर खुशहाली और स्वच्छंद पर्यटन का वातावरण तैयार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पहलगाम में कायराना हरकत करने वालों के खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई की जाएगी। मध्यप्रदेश सरकार सभी परिस्थितियों में केन्द्र सरकार के साथ है। देश कश्मीर की खुशहाली पर आँच नहीं आने देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मीडिया में जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

## एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों ने सीखी जीवन रक्षक तकनीकें

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) एवं स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स (एस.डी.ई.आर.एफ.) के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभागों एवं सब स्टेशन कार्मिकों के लिए सी.पी.आर. एवं अन्य जीवन रक्षक तकनीकों पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला एम.पी. ट्रांसको के 400 के.वी. सब स्टेशन, इंदौर परिसर में आयोजित की गई। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना कार्यक्रम के उद्देश्य एवं इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उपसंभाग इंदौर, 400 के.वी. सब स्टेशन संभाग इंदौर, परीक्षण एवं स्काडा संभाग इंदौर के लगभग 60 नियमित, संविदा, बाह्य सेवा प्रदाता एवं सुरक्षा कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में सी.पी.आर. प्रशिक्षण के लिये मानव पुतले एवं वीडियो की सहायता से विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक प्रतिभागी विशेषज्ञों की निगरानी में मानव पुतले पर सी.पी.आर. तकनीक का अभ्यास करें। साथ ही, शॉक लगने, श्वाँस नली में किसी वस्तु के फँसने, चोट लगने आदि आपात परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी भी दी गई।

## नवीन तकनीक से चिन्हित हों लाभार्थी, हर जरूरतमंद को मिले योजनाओं का लाभः मंत्री श्री पटेल

### मनरेगा में हर हाथ को मिल रहा काम : राज्यमंत्री श्रीमती सिंह

### मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की कार्यकारिणी समिति की छठवीं बैठक



भोपाल (आरएनएस)। पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद की कार्यकारिणी समिति की छठवीं बैठक अरेरा हिल्स स्थित विकास भवन में हुई। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह भी सम्मिलित हुईं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मनरेगा में क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया का ही पालन किया जाए। विभाग को उन्नत तकनीक की सहायता लेकर जीआईएस लैब स्थापित करने, रिमोट सेंसिंग जीआईएस और एआई पूरे विभाग में लागू करने के प्रस्ताव पर भी बैठक में चर्चा हुई। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि एक जिले में एक लैब ही संचालित की जाए। जिन जगहों पर पहले उन्नत लैब हैं, उन्हें अपग्रेड कर संभाग स्तर की लैब बनाएं। इस तरीके से बजट का सदुपयोग होगा और कई अन्य जन-सरोकार से जुड़ी पहल के लिए कार्य किया जा सकेगा। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती सिंह ने विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत हर हाथ को काम देने के संकल्प को मूर्त रूप देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल ने मनरेगा की भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मनरेगा के तहत 15 करोड़ मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य है, इसके लिए अधिकारी कार्य योजना बनाएं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान 5 करोड़ मानव दिवस सृजित कर जरूरतमंदों को काम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी और 3 मई को मंदसौर में होगा एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है। उद्योगों में निवेश प्रोत्साहन के लिए आगामी 27 अप्रैल को इंदौर में आईटी इंडस्ट्री-कॉन्क्लेव और 3 मई को एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव मंदसौर में आयोजित की जा रही है। मालवांचल सहित प्रदेश में कृषि और किसानों की समृद्धि के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। उन्नत फसलों और पशुपालन से किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार किसानों को सोलर पंप प्रदान कर बिजली के बिल से बोझ से उन्हें मुक्त करने के लिए भी कार्य कर रही है। किसान खेती की नई तकनीक की जानकारी प्राप्त करें और नवाचारों से प्रेरणा लें, इस उद्देश्य से कृषि पर केन्द्रित कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में हरसंभव प्रयास कर रही है। मध्यप्रदेश का किसान सम्पन्न होगा तो प्रदेश और देश भी समृद्ध होगा। राज्य सरकार युवा, महिला और किसान के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

## सौरभ शर्मा और शरद जायसवाल की जमानत याचिका खारिज




भोपाल(आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कोर्ट में गुरुवार को आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा और उसके सहयोगी शरद जायसवाल की जमानत याचिका खारिज हो गई। मामले में सौरभ की कंपनी अविरल फ्शिरिस भी केस में पार्टी है। कोर्ट ने कंपनी की भी जमानत रिजेक्ट कर दी गई है। विशेष न्यायाधीश सचिन कुमार घोष की अदालत में इस जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस दौरान सौरभ शर्मा की मां और ईडी की टीम अदालत में मौजूद रहीं। सौरभ की ओर से एडवोकेट दीपेश जोशी और सौरभ के सहयोगी शरद जायसवाल की ओर से अधिवक्ता रजनीश बरैया ने सोमवार को जमानत याचिका दायर की थी। ईडी के वकील विक्रम सिंह ने सौरभ और शरद के कृत्य को गंभीर बताते हुए उनकी जमानत का विरोध किया था। वहीं, सौरभ के वकील दीपेश जोशी ने ईडी की कार्रवाई को काल्पनिक बताते हुए सभी आरोपों को गलत बताया और जमानत दिए जाने की मांग की थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला गुरुवार तक के लिए सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट में एडवोकेट दीपेश जोशी ने बताया कि मेरे मुवक्किल सौरभ शर्मा के खिलाफईडी के पास कोई सबूत नहीं है।

## किराना और मोबाइल शॉप में लगी आग

भोपाल(आरएनएस)। बागसेवनिया नई बस्ती में किराना और मोबाइल शॉप में आग लग गई। हादसा बीती रात 1:30 बजे हुआ है। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। दोनों दुकानें बीजेपी नेत्री शोभा पांडे की हैं। इन दुकानों का संचालन उनका बेटा करता है। शोभा का आरोप है कि रहवासी और पुलिस जवान काफी देर तक आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे। मोहल्ले के लोगों ने पाइप से पानी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया। जब तक फायर ब्रिगेड आई, दुकानें जलकर खाक हो चुकी थीं। दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया था। पुलिस आग के कारणों की जांच कर रही है। शोभा पांडे के मुताबिक नई बस्ती में किराना दुकान और मोबाइल-फोटो कॉपी की दुकान का संचालन करती हैं। रात को करीब 1:30 बजे मोहल्ले वालों ने आग लगने की सूचना दी।

## भेल परिसर में लगी आगजनी की सूचना पर मौके पर पहुंचे मंत्री श्री सारंग

### सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और अग्नि दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के दिए निर्देश



भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के भेल परिसर स्थित गेट नंबर 9 के पास गुरुवार को वेस्ट मटेरियल में अचानक आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। मंत्री श्री सारंग ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों, भेल प्रबंधन और फायर ब्रिगेड अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा कर राहत एवं बचाव कार्य की समीक्षा की। उन्होंने फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आवश्यकता अनुसार आसपास के क्षेत्रों से भी अतिरिक्त फायर यूनिट्स बुलाने के निर्देश दिए।मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों से कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से भेल परिसर के हरियाली युक्त क्षेत्रों में सुरक्षा इंतज़ाम बढ़ाने पर बल दिया और निर्देशित किया कि इन क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण, कचरा प्रबंधन और सूखी घास/झाड़ियों की सफाई की उचित व्यवस्था की जाए।

## अधूरी नल-जल योजनाओं को लेकर जिपं उपाध्यक्ष-सदस्य भूख हड़ताल पर बैठे

भोपाल (आरएनएस)। जिले में अधूरी नल-जल योजनाओं को लेकर गुरुवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, सदस्य विनय मेहर, चंद्रेश राजपूत, देवकुवर हाड़ा समेत सुरेश राजपूत, अनिल हाड़ा और विनोद राजोरिया जिला पंचायत परिसर में भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। जाट ने चार दिन पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह को इसकी जानकारी दे दी थी। जनप्रतिनिधियों के प्रदर्शन से जिम्मेदार अफसरों की सांसें फूल गई हैं। बीती रात वे जनप्रतिनिधियों को मनाने में जुटे रहे। अधूरी योजनाओं के कारण गांवों की बड़ी आबादी गर्मी में पानी के लिए परेशान हो रही है। इसे लेकर जिला पंचायत की बैठक में मुद्दा भी उठ चुका है, पर पीएचई विभाग के जिम्मेदार नहीं जागे। इस कारण जिपं उपाध्यक्ष जाट ने कलेक्टर को पत्र लिखा था। जिसमें कहा था कि जिपं ऑफिस परिसर में ही 24 अप्रैल से भूख हड़ताल पर बैठूंगा।

## निर्वाचन शाखा प्रभारी के घर चोरी की कोशिश

भोपाल (आरएनएस)।बैरसिया तहसील में रहने वाले निर्वाचन शाखा के प्रभारी मनोज शर्मा के घर चोरी का प्रयास हुआ। आंगन में खड़ी बाइक को चार बदमाशों ने चोरी करने की कोशिश की। फरियादी के ललकारने पर आरोपी भाग निकले। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद हुआ है। जानकारी के मुताबिक बुधवार रात पहली बार रात करीब 9:30 बजे और फिर 10:30 बजे, चोरों ने उनके घर के बाहर खड़ी दो बाइक चुराने की कोशिश की। हलचल और आहट सुनते ही मनोज शर्मा ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और बाहर निकलकर चोरों को ललकारा। तब आरोपी अपनी बाइक छोड़कर भाग निकले। इस बाइक के रजिस्ट्रेशन के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। वहीं, सीसीटीवी फुटेज में चोरों के चेहरे कैद हुए हैं।

## शासकीय डॉ. कैलाशनाथ काटजू चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

भोपाल (आरएनएस)।शासकीय डॉ. कैलाशनाथ काटजू चिकित्सालय में समस्त चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा कार्यालयीन कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सालय के अधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

काटजू चिकित्सालय की नोडल अधिकारी डॉ. रचना दुबे ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चिकित्सालय में कई बार उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी कराई जाती है, जिसके लिए रक्त की निरंतर उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. रचना दुबे ने कहा कि रक्तदान न केवल जरूरतमंद मरीज के जीवन के लिए संजीवनी है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है क्योंकि इससे शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया सक्रिय होती है। उन्होंने रक्तदान शिविर के सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफको बधाई देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की सेवाभावी गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

## अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वालों पर करें कार्रवाई : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

### राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र के वार्ड-56 में भ्रमण कर सुनीं नागरिकों की समस्याएं



भोपाल (निप्र)। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गुरुवार को वार्ड 56 में क्षेत्रवासियों से जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और एसडीएम को अवैध कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान आनंद बिहार कालोनी और नरेंद्र नगर बरखेड़ा पठानी की महिलाओं ने राज्यमंत्री श्रीमती गौर को बताया कि बिल्डर ने प्लॉट बेच दिए। पानी, बिजली और नाली जैसी कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि एक पेट्रोल पंप संचालक ने अटल चौराहे से 80 फीट रोड पर अतिक्रमण कर आम रास्ता बंद कर दिया है। रहवासियों ने वैकल्पिक मार्ग देने की मांग की। स्थानीय नागरिकों ने अधूरे पड़े सुलभ शौचालय का निर्माण पूरा कराने की मांग की।माता मंदिर बरखेड़ा पठानी में महिलाओं ने नाली की सफाई नहीं होने, कचरा नहीं उठाने की शिकायत की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए लापरवाही करने वाले कर्मचारियों ने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं किया, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। साकेत नगर सेक्टर-3डी नुपुर बाल उघान के नागरिकों ने पार्क में असामाजिक तत्वों के कब्जा कर अवैध कॉमर्शियल गतिविधियां संचालित किये जाने की शिकायत की। यहां जर्जर हो चुकी सीवेज लाइनों से सड़कों पर गंदा पानी बहने की बात भी उठाई गई। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने बताया कि नई पाइप लाइन का निर्माण अमृत फेज-2 के तहत शीघ्र कराया जायेगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर के साथ पार्षद नीरज सिंह, प्रताप सिंह बेस, लीलाधर मालवीय, तुलाराम नामदेव, सुनील दबे सहित सैकड़ों की संख्या में रहवासी, कार्यकर्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नई सोच के साथ जन सहभागिता के लिए हो प्रयास : राज्यपाल पटेल



भोपाल (आरएनएस)। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जन सहभागिता के लिए नवाचार और नई सोच के साथ प्रयास किए जाने चाहिए। पर्यावरण संतुलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर लम्बे समय से काफी चिंतन हो रहा है। जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग अभी भी चुनौती बनी हुई है। आज आवश्यकता है कि हर व्यक्ति को पर्यावरण संतुलन के प्रति उत्तरदायी बनाने के समन्वित प्रयास किये जायें। पर्यावरण संतुलन की चिंता के प्रति समाज संवेदनशील हो। सामाजिक वातावरण हर व्यक्ति, समुदाय को पर्यावरण संतुलन के लिए सजग और सक्रिय बनाने वाला हो। बच्चे, बड़े सभी के दिल और दिमाग में अंकित हो कि पर्यावरण संतुलन और प्रदूषण नियंत्रण के लिए क्या किया जाना चाहिए, क्या नहीं किया जाना है। राज्यपाल पटेल राजभवन के सांदीपनि सभागार में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्को की 13वीं साधारण सभा की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के. सी. गुप्ता भी मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि सरकार के कार्यक्रमों में जन चेतना के जुड़ जाने की सफलता का प्रत्यक्ष प्रमाण इंदौर शहर है। लगातार 7 बार से देश का सबसे स्वच्छतम नगर की उपलब्धि नगर निगम के एकल प्रयासों का परिणाम नहीं है। यह नगर निगम और इंदौर के नागरिकों के सहभागी प्रयासों का प्रतिफल है। नागरिकों का स्वच्छता आग्रह और स्वच्छता के प्रति जन चेतना की सक्रियता का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने गुजरात के कच्छ इलाके के ग्रामीण विद्यालय के शिक्षक दम्पती की छोटी सी पहल से होने वाले बड़े बदलाव का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि शिक्षक दम्पती ने नई सोच के साथ विद्यालय के वीरान परिसर में पौध-रोपण शुरू किया। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को पौधे उपलब्ध कराये और परिसर में पौध-रोपण कराया। बच्चों से कहा कि जब वे स्कूल आए तो घर में सब्जियों को धोने वाले पानी को किसी डब्बे अथवा बोतल में लेकर आए। उनके द्वारा लगाए गए पौधे में वही पानी डाल दे। इस नई सोच ने कच्छ जैसे सूखे इलाके के विद्यालय के परिसर को हरा भरा करने का करिश्मा कर दिया है।राज्यपाल पटेल ने कहा कि समाज में बच्चों की वित्तीय सुरक्षा के लिए बैंकों में धन राशि जमा करते हैं। यह नहीं समझते कि यदि पर्यावरण नहीं रहेगा तो जीवन ही नहीं रहेगा। इस लिए संतान के भावी जीवन की वित्तीय सुरक्षा की चिंता से ज्यादा जरूरी पर्यावरण संतुलन की चिंता है। उन्होंने पर्यावरण संतुलन की चिंता को समाज की सर्वोच्च चिंता बनाने की दिशा में पहल की जरूरत बताई है।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने शहडोल के गंधिया ग्राम में भगवान श्रीराम के विश्राम स्थल का दर्शन और पूजन किया

## भगवान श्रीराम ने वनवास के दौरान गंधिया ग्राम ( सीतामढ़ी ) में 11 दिनों तक किया था विश्राम



शहडोल(ए.)। उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी राजेन्द्र शुक्ल ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के वनवास के दौरान विश्राम स्थल जयसिंहनगर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम गंधिया (सीतामढ़ी) में पहुंचकर दर्शन किये। उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेश के विकास एवं प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को गंधिया ग्राम को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने बताया कि भगवान श्रीराम वनवास के दौरान उमरिया जिले के (सीतामढ़ी ) के दशरथ घाट होते हुए गंधिया ग्राम पहुंचे थें। जहां उन्होंने 11 दिन विश्राम किया था। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि मंदिर के पास प्राचीन तालाब है जिसे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है जिसपर कार्यवाही की जायेगी।

इस संबंध में ग्रामीणों के साथ जल चौपाल का आयोजन कर कार्य योजना तैयार की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि गंधिया ग्राम को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने तथा आमजन के श्रद्धा का केंद्र बनाने के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी शीघ्र किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर को व्यवस्थित स्वरूप दिया जाएगा। विधायक शरद कोल, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# अब तो मान लीजिएज कि आतंक का भी धर्म होता है : पं धीरेंद्र शास्त्री

छतरपुर(ए.)। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री ने पहलगाम के आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने वीडियो के माध्यम से कहा कि हिंदुस्तान में ही हिंदू होना अगर घातक हो जाए, इससे बड़ा कोई दुर्भाग्य नहीं होगा। पहलगाम में जो घटना हुई, वो इस सदी की सबसे कि निंदनीय घटना है। उन्होंने न जाति पूछा कि ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य या सेवक हो। उन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी के बारे में नहीं पूछा, उन्होंने भाषा के बारे में नहीं पूछा, बल्कि उन्होंने सिर्फ पूछा क्या तुम हिंदू हो और इसके बाद गोली मार दी। इससे बड़ा दुर्भाग्य इस देश का कभी नहीं हो सकता है।उन्होने कहा कि हिंदुओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वो हिंदुस्तान में भी खतरे में हैं, जहां पर उनकी आबादी 80 प्रतिशत है। उन्होने आगे कहा, हिंदुओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह हो गई कि हिंदुस्तान में ही हिंदू होने पर खतरा है, जहां पर हिंदू 80 प्रतिशत है, वहां खतरा है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हम बंटे हैं। पहलगाम में 26 जिंदगियां उजड़ गई, किसी का भाई, किसी का पिता, उनका पूरा परिवार उजड़ गया। बालाजी से प्रार्थना है कि परिवार को बल मिले। शास्त्री ने कहा, इस घटना ने हिंदुओं के लिए बड़ी चिंता जाहिर कर दी है। कौन कहता है कि आतंक का कोई मजहब नहीं होता। जरा पहलगाम की घटना को देख लो। इस घटना ने हृदय को झकझोर दिया और मन को तोड़ दिया है।



# कलेक्टर श्री सक्सेना की अध्यक्षता में आईटी क्षेत्र के उद्यमियों की बैठक संपन्न



जबलपुर (ए)। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज आईटी क्षेत्र के उद्यमियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आईटी क्षेत्र के उद्यमियों के विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सक्सेना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईटी क्षेत्र के उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण यथाशीघ्र सकारात्मक रूप से किया जाये। बैठक में मुख्य रूप से आईटी पार्क में पानी की उपलब्धता, नेटवर्क के लिए टावर, सिंगल विंडो सिस्टम, फायर स्टेशन, मेट्रो से जोड़ने के साथ आईटी पार्क के एक्सटेंशन आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक, आईटी पार्क के प्रबंधक निशांत मिश्रा सहित आईटी क्षेत्र के उद्यमी शामिल थे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित, जल संरक्षण की दिलाई शपथ



ग्वालियर (ए.)। जन अभियान परिषद ग्वालियर की नवांकुर संस्था एवं नेहरू युवा केन्द्र के सफल युवा मंडल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत घाटीगांव ब्लॉक में मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं एवं ग्राम वासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शशिधर गंगरानी ने कहा कि हमें अपने जीवन में जल को महत्व देना चाहिए । जल है तो जीवन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेंद्र दीक्षित ने की। उन्होंने कहा कि हमें अपने क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान पर कार्य करना चाहिए, जिससे हमारे आसपास के लोगों को भी इसके बारे में जानकारी मिल सके और वह जागरूक हो सकें। सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर राजेंद्र सोनी ने कहा कि हमारे जीवन का सबसे बड़ा महत्वपूर्ण है जल, जिसके बिना जीवन अधूरा है । कार्यक्रम का संचालन सफल युवा मंडल के अध्यक्ष अरविंद कुशवाह द्वारा किया गया।

# सागर से आ रही थी नकली खाद.....?

## नुनसर चौकी में पिकअप वाहन रोका, कृषि विभाग ने सैंपल लिए

जबलपुर, (ए)। पाटन रोड पर नुनसर चौकी के पास पुलिस ने डीएपी उर्वरक (खाद) से भरा एक पिकअप वाहन जब्त किया है। दरअसल इस पिकअप वाहन में नकली डीएपी भरे होने की आशंका है। देर रात पुलिस ने इस पिकअप वाहन को जब्त कर मामलें को रफा दफा करने की कोशिश की, तो किसान संघ सक्रिय हो गया और पाटन एसडीएम और कृषि विभाग को भी इसकी सूचना दे दी। दरअसल भारतीय किसान संघ को किसानों ने अनेक बार शिकायत की थी कि सागर से नकली डीएपी खाद भारी मात्रा में जबलपुर सप्लाई की जा रही है। डीएपी की कमी न हो इसलिए किसान अभी से स्टॉक करने में लगे हुए हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर से जबलपुर आ रहे पिकअप वाहन को पाटन थाने की नुनसर चौकी पुलिस ने अवैध परिवहन की आशंका पर सुबह चैकिंग के दौरान रोका और पिकअप वाहन को चौकी में खड़ा करा दिया। इससे पहले कि मामला रफा दफा हो पाता, इसी बीच किसानों ने भारतीय किसान संघ के नेताओं को इसकी जानकारी दे दी और किसानों ने एसडीएम सहित कृषि विभाग को सूचित कर दिया। बताया गया है कि जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि वाहन में लोड़ डीएपी की बोरियों में नकली खाद भरी है।



# मालवा की संस्कृति और धार्मिक परम्परा की प्रतीक पंचक्रोशी यात्रा जारी

## पंचक्रोशी यात्रा में इस बार युवा वर्ग की दिख रही है खास दिलचस्पी

उज्जैन, (ए.)। उज्जैन में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पंचक्रोशी यात्रा प्रारंभ हो गई है। इस बार की यात्रा में प्रौढ़ और वृद्ध आयु वर्ग के श्रद्धालुओं के अलावा युवा वर्ग भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। विभिन्न पड़ाव स्थलों पर जिला प्रशासन के द्वारा माकूल व्यवस्थाएं तो की ही गई हैं, लेकिन साथ ही साथ स्थानीय नागरिक भी पंचक्रोशी यात्रा में बढ़-चढ़कर अपनी ओर से सेवाएं दे रहे हैं। पंचक्रोशी यात्रा के विभिन्न पड़ाव स्थलों पर यात्रियों के लिए शरबत, खिचड़ी, स्वल्पाहार, भोजन, ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है। पंचक्रोशी यात्रा के प्रमुख पड़ाव स्थलों में से एक करोहन स्थित कायावरोहणेश्वर महादेव मंदिर पड़ाव स्थल पर गुरुवार को काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। मध्य मार्ग में लोगों ने कुछ समय रुक कर विश्राम किया और फिर अपने गंतव्य की ओर निकल पड़े।



कई यात्री बीच में रख कर मालवा के प्रसिद्ध व्यंजन दाल बाटी को बनाते हैं और परिवार सहित भोजन करते हैं। विश्राम कर भजन कीर्तन करते हैं। वास्तव में पंचक्रोशी यात्रा श्रद्धा और धार्मिक परंपरा की यात्रा के साथ-साथ आनंद, उत्सव, आपसी सहयोग, और सामंजस्य को बढ़ाने वाली यात्रा भी है। इस यात्रा में न सिर्फ लोग साथ में यात्रा करते हैं बल्कि उनका आपसी प्रेम और विश्वास भी बढ़ता है। शासन द्वारा विभिन्न पड़ाव स्थलों पर पेयजल और फव्वारों की पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई है। इसका सभी लोग लाभ ले रहे हैं। रास्ते में लगाए गए ठंडे पानी के फव्वारे में श्रद्धालुओं को भीषण गर्मी से राहत मिलती है। वे हाथ मुंह धोकर कर, ठंडा पानी पीकर एक बार पुनः तरो ताज होकर अगले गंतव्य की ओर निकल पड़ते हैं रास्ते में आने वाले प्रमुख मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर चलता रहता है । श्रद्धालु इन पर आनंदित होकर नृत्य करते हैं। सभी पड़ाव स्थलों पर धर्म और आस्था का मेला सा लग जाता है। श्रद्धालुओं के लिए भंडारे और निःशुल्क पेयजल के कई काउंटर लगे रहते हैं। जिला प्रशासन की ओर से सभी पड़ाव स्थलों पर फायर ब्रिगेड, सांची दुग्ध संघ के द्वारा ठंडे पानी के टैंकर, कचरा गाड़ी, खोया पाया केंद्र, माईक अनाउंसमेंट सिस्टम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शासकीय उचित मूल्य दुकान, मलहम वितरण केन्द्र आदि सभी व्यवस्थाएं की गई हैं?।

## व्यापार समाचार

# विश्व बैंक समूह के प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट लैब के नए सदस्यों में सुनील मित्तल शामिल

नई दिल्ली( ए) । विश्व बैंक समूह ने अपने प्राइवेट सेक्टर इन्वेस्टमेंट लैब (पीएसआईएल) के अगले चरण को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह चरण बड़े पैमाने पर बेहतरीन समाधानों को लागू करने पर केंद्रित है और इसके नए सदस्यों में भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल शामिल हैं। इस नए चरण में लैब की मेंबरशिप का विस्तार किया गया है। इसमें विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार सृजन का अनुभव रखने वाले उद्योग जगत के नेताओं को शामिल किया गया है। उद्योग जगत के इन नेताओं के अनुभव के साथ विश्व बैंक रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित कर सकेगा।

विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा, मेंबरशिप बढ़ाने के साथ हम अपने संचालन में इस काम को मुख्यधारा में ला रहे हैं और इसे सीधे रोजगार एजेंडे से जोड़ रहे हैं। बंगा ने कहा, यह कदम प्राइवेट सेक्टर को निवेश का रास्ता दिखाने में मददगार होगा। परिणामस्वरूप निवेश से रिटर्न मिलेगा और अर्थव्यवस्थाओं को समान रूप से ऊपर उठने में मदद मिलेगी। यह हमारे जनादेश का केंद्र है।

लैब के नए सदस्यों में बेयर एजी के सीईओ बिल एंडरसन, डांगोटे ग्रुप के प्रेसिडेंट और सीईओ अलिको डांगोटे, हयात होटल्स कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट और सीईओ मार्क होपलामाजियन शामिल हैं। मित्तल ने कहा, विश्व बैंक समूह दुनिया भर में उभरते बाजारों में अर्थव्यवस्थाओं को विकसित करने और अवसर पैदा करने की पहल के साथ आगे बढ़ रहा है। जैसा कि प्रेसिडेंट बंगा ने कहा है कि प्राइवेट सेक्टर परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे अन्य प्रतिष्ठित व्यावसायिक नेताओं के साथ पीएसआईएल में शामिल होने पर खुशी है।

# हुंडई मोटर ने मोबिलिटी रिसर्च सेंटर खोलने के लिए आईआईटी दिल्ली से मिलाया हाथ


नई दिल्ली ( ए) । हुंडई मोटर ग्रुप ने गुरुवार को बताया कि कंपनी ने भविष्य की मोबिलिटी टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से भारत में एक नया रिसर्च सेंटर स्थापित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के साथ साझेदारी की है। नए रिसर्च सेंटर के लिए इस साझेदारी में इलेक्ट्रिफिकेशन और बैटरी सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस साझेदारी समझौते के तहत दोनों पक्ष हुंडई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना करेंगे। हुंडई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक लॉन्ग-टर्म एकेडमिक-इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन फ्रेमवर्क के तहत जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट के लिए केंद्र के रूप में काम करेगा।

हुंडई मोटर और किआ ने भविष्य की मोबिलिटी टेक्नोलॉजी में रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिए दो वर्षों में लगभग 5 बिलियन वॉन (3.5 मिलियन डॉलर) का निवेश करने की योजना बनाई है। समूह ने आईआईटी दिल्ली के साथ नौ सहयोगी परियोजनाओं की पहचान की है, जो बैटरी सेल और सिस्टम, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम, सेफ्टी, ड्यूरेबिलिटी और डायग्नोस्टिक टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों को कवर करती हैं। केंद्र बैटरी डिजाइन और परफॉर्मेंस को और बेहतर बनाने के लिए नई मटेरियल और कंपोनेंट्स की भी खोज करेगा। नई दिल्ली में एक आधिकारिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया, जिसमें हुंडई के अनुसंधान और विकास प्रभाग के अध्यक्ष और प्रमुख यांग हेई-वोन और आईआईटी दिल्ली के निदेशक रंगन बनर्जी सहित अन्य लोग शामिल हुए।यांग ने कहा, हम बैटरी इनोवेशन में भारत के सबसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। यह साझेदारी भारत की अनूठी बाजार जरूरतों को पूरा करते हुए फ्यूचर मोबिलिटी सॉल्यूशन विकसित करने में अहम होगी। साथ ही यह साझेदारी से भारत की अर्थव्यवस्था और समाज में योगदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

# भारत 'वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों' के लिए उच्च वृद्धि वाला बाजार बन रहा : रिपोर्ट

नई दिल्ली । भारत अब एक आकर्षक बाजार बनता जा रहा है, जो वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों को अच्छा मुनाफा देते हुए अपनी पिछली छवि को बदल रहा है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। भारत की सहयोगी कंपनियां कुछ प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के लिए अपने ग्लोबल पैरेंट कंपनियों की तुलना में दो से छह गुना के बीच कुल शेयरधारक रिटर्न देती हैं। बेन एंड कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, 100 मिलियन डॉलर के भारतीय राजस्व योगदान वाली कंपनियों पर ध्यान देने से जानकारी मिलती है कि 60 प्रतिशत भारतीय सहयोगी कंपनियों का राजस्व उनकी पैरेंट कंपनियों की वृद्धि दर से कम से कम दोगुना है।

भारत में बेन के कंज्यूमर प्रोडक्ट प्रैक्टिस के प्रमुख रवि स्वरूप ने कहा, भारत में पहले से निवेश करने वाली कंपनियों को विकास, उच्च शेयरधारक रिटर्न और वैश्विक रूप से प्रासंगिक उत्पादों को आकार देने के अवसरों का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बाजार में प्रवेश नहीं किया है, उन्हें अभी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर



वे ऐसा नहीं करती हैं तो उन्हें विकास और लॉन्ग टर्म रणनीतिक लाभ से चूकना पड़ सकता है। पिछले दशक में उभरते बाजारों में भारत उपभोक्ता उत्पादों की वृद्धि में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है।

अगले 5-6 वर्षों में देश वैश्विक स्तर पर कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करेगा। साथ ही टॉप पांच उभरते उपभोक्ता उत्पादों के बाजारों में प्रति व्यक्ति आय में सबसे तेज वृद्धि देखेगा, जिसमें चीन, ब्राजील, मैक्सिको और रूस जैसे देशों के नाम भी शामिल होंगे। भारत को पारंपरिक रूप से बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एक कठिन बाजार माना जाता रहा है। बावजूद इसके देश ने बाधाओं को दूर कर तेजी से सुधार किए हैं। तेजी से डिजिटल तकनीक अपनाने, स्मार्टफोन और इंटरनेट की व्यापक पहुंच ने कंपनियों को भारत की विविध आबादी तक प्रभावी ढंग से पहुंचने में सक्षम बनाया है।रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स पारंपरिक और आधुनिक व्यापार चैनलों की तुलना में 2-3 गुना तेजी से बढ़े हैं, जिससे बाजार में प्रवेश करने के लिए व्यापक पारंपरिक व्यापार नेटवर्क की आवश्यकता कम हो गई है। डिजिटल पेमेंट भी लोकप्रियता प्राप्त कर रहे हैं, इसे 45 प्रतिशत इंटरनेट यूजर्स लेनदेन के लिए अपना रहे हैं। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में बेन स्ट्रैटेजी प्रैक्टिस के प्रमुख निखिल ओझा ने कहा, हम एक ऐसा बाजार देख रहे हैं, जहां पुराने और नए खिलाड़ी दोनों ही बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन ऐसा तभी होगा,

# सुरक्षा डायग्नोस्टिक का शेयर बीते छह महीने में 25 प्रतिशत फिसला

मुंबई , (ए) । सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में बीते छह महीने में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शेयर की कीमत 103 रुपये या 24.69 प्रतिशत कम हो गई है। इस साल की शुरुआत से लेकर अब तक सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में 65.85 रुपये या 17.32 प्रतिशत की गिरावट हो चुकी है।सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर बुधवार को मामूली तेजी के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में शेयर 1.85 रुपये या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 314.25 रुपये पर था। कई रिपोर्टों में शेयर मूल्य में गिरावट के लिए कई कारकों को जिम्मेदार ठहराया गया, जिसमें कमजोर वित्तीय प्रदर्शन, नकारात्मक इंडस्ट्री सेंटीमेंट और प्रबंधन में बदलाव शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाजार में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के कारण भी सुरक्षा डायग्नोस्टिक लिमिटेड के शेयर में गिरावट दर्ज की गई।सुरक्षा डायग्नोस्टिक के शेयर का उच्चतम स्तर 449 रुपये है, जो कि 6 दिसंबर, 2024 को दर्ज किया गया था। वहीं, न्यूनतम स्तर 231 रुपये है जो 4 मार्च को दर्ज किया गया था।एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, कंपनी का मौजूदा बाजार पूंजीकरण 1,636.64 करोड़ रुपये है।सुरक्षा डायग्नोस्टिक की लिस्टिंग 6 दिसंबर, 2024 को हुई थी। शेयर में शुरुआत से ही कमजोरी देखी गई। शेयर अपने इश्यू प्राइस 441 के मुकाबले 438 रुपये पर खुला। हालांकि, शुरुआती कारोबार में इसने कुछ समय के लिए 449 रुपये का इंट्रा-डे हाई छुआ, लेकिन जल्दी ही इसने अपनी गति खो दी और पूरे सत्र में शेयर लाल निशान में रहा।

इस दौरान शेयर ने 414.95 का इंट्रा-डे लो बनाया और कारोबार के अंत में 5.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 417.25 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी ने पिछले साल के अंत में 846 करोड़ रुपये का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) पेश किया था, जो 29 नवंबर से 3 दिसंबर तक बोली के लिए खुला था।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 315 अंक, निफ्टी 82.25 अंक नीचे आया

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे बाजार में पिछले सात दिन से जारी तेजी रुक गई। आज कारोबार के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर और अन्य एफएमसीजी शेयरों के अलावा आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया।




दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 315.06 अंक करीब 0.39 फीसदी नीचे आकर 79,801.43 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का निफ्टी भी अंत में 82.25 तकरीबन 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ ही 24,246.70 अंक पर बंद हुआ।वहीं गत दिवस अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी रही, जिसमें डॉव जोन्स 1.07 फीसदी बढ़कर 39,606.57 पर, एसएंडपी 500 1.67 फीसदी ऊपर आकर 5,375.86 पर और नैस्डैक कंपोजिट 2.50 फीसदी बढ़कर 16,708.05 पर बंद हुआ।

# आरबीआई ने 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को बैंक में खाता खोलने दी पर मिशन

## इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड आदि बैंकिंग सुविधाएं भी ?मिलेगी

नई दिल्ली (ए)। भारती रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिगों को स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नाबालिगों के जमा खाते खोलने और संचालन के संबंध में संशोधित निर्देश जारी किए हैं। आरबीआई ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को संबोधित एक परिपत्र में कहा कि किसी भी उम्र के नाबालिगों को अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को अपनी मां को अभिभावक बनाकर ऐसे खाते खोलने की भी अनुमति दी जा सकती है। परिपत्र में कहा गया है- जिन नाबालिगों की आयु सीमा 10 वर्ष से कम नहीं है और बैंकों द्वारा उनकी जोखिम प्रबंधन नीति को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई राशि और शर्तों तक, उन्हें स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है, यदि वे ऐसा करना चाहते हैं, और ऐसी शर्तों को खाताधारक को विधिवत रूप से सूचित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, वयस्क होने पर खाताधारक के नए संचालन निर्देश और नमूना हस्ताक्षर प्राप्त किए जाने चाहिए और उन्हें रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए। परिपत्र में कहा गया- बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति, उत्पाद उपयुक्तता और ग्राहक उपयुक्तता के आधार पर नाबालिग खाताधारकों को इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड, चेक बुक सुविधा आदि जैसी अतिरिक्त बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्वतंत्र हैं। बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नाबालिगों के खाते, चाहे वे स्वतंत्र रूप से या अभिभावक के माध्यम से संचालित हों, से अधिक निकासी की अनुमति नहीं दी जाए और ये हमेशा क्रेडिट बैलेंस में रहें।



# सम्पादकीय



**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला

भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया। चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर पंजाब नैशनल बैंक से तकरीबन साढ़े तेरह हजार करोड़ रुपयों के गबन का आरोप है।

मोदी अभी लंदन की जेल में है और भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ कानूनी जंग लड़ रहा है। इस घोटाले में उसकी पत्नी एमी और भाई निशाल भी मुख्य अभियुक्त हैं। चोकसी मुंबई की अदालत में हलफनामा दे कर भारत आने में अक्षमता जाहिर कर चुका है। वह कैंसर का मरीज है, जिसका इलाज बेल्जियम में चल रहा है। भारतीय एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई के साथ मिल कर प्रत्यर्पण का प्रयास कर रही हैं।

बैंक ने 2018 में पहली बार मोदी, चोकसी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ 280 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। जांच के बाद यह देश का सबसे बड़ा बैंकिंग घोटाला निकला। इसमें बैंक अधिकारियों की मिलीभगत भी पाई गई। हालांकि मोदीकाल में होने वाले बैंक घोटालों में यह अकेला नहीं है। सरकारी दस्तावेज के अनुसार 2012-16 के दरम्यान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को बाइस हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाया जा चुका है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के 429, आईसीआईसीआई के करीब 455, स्टैंर्डड बैंक के 244 और एचडीएफसी बैंक के 237 के करीब धोखाधड़ी के मामले पकड़े जाने की पुष्टि हुई है। मोदी के इस घोटाले के बाद पीएनबी ने अपने बीस कर्मचारियों को निलंबित भी किया था। बैंकों के इस गोरखधंधे में बैंककर्मियों की मिली-भगत पकड़ी गई है। इसी दरम्यान देश से भाग चुके आर्थिक अपराधी विजय मल्या पर भी बैंकों को साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का चूना लगाने के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई थी।कहने में दोष नहीं है कि प्रत्यर्पण संधि के बावजूद कानूनी प्रक्रिया बेहद जटिल होती है, और आरोपियों को स्वदेश लाने में सालों लग जाते हैं। चोकसी का मामला भी अभी फेडरल पब्लिक जस्टिस और फॉरेन अफेयर्स की निगरानी में होगा। सरकार किस हद तक दोषी को वापस लाने की कवायद करती है, यह तो वक्त ही बताएगा। धोखाधड़ी के इस धन की वसूली और सजा देने में लगने वाले समय की चर्चा अभी बेमानी है क्योंकि सार्वजनिक बैंकों में इतने बड़े आर्थिक घोटालों में सरकार की भूमिका भी संदिग्ध ही पाई जाती रही है। भ्रष्टाचार पर प्रहार करने की बातें करने वाले सत्ताधारी दल को इसे चुनौती की तरह देखना चाहिए।




केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में शून्य खसरा-रूबेला मामले अभियान 2025-26 का शुभारंभ किया.

# आतंकवाद से निपटना आज की आवश्कता

**संजय गोस्वामी**



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन में मंगलवार 22 अप्रैल, 2025 की दोपहर करीब तीन बजे बड़ा आतंकी हमला हुआ। आतंकियों ने पर्यटकों के ग्रुप को निशाना बनाया, जिसमें 30 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। दर्जन भर से ज्यादा लोग इस हमले में घायल भी हुए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। आतंकियों को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सीआरपीएफ (CRPF) की क्विक एक्शन टास्क फोर्स भी आतंकियों की तलाश कर रही है। इस बीच गृह मंत्री अमित शाह श्रीनगर का दौरा किया है जम्मू-कश्मीर में 2019 के पुलवामा अटैक के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने मंगलवार को पर्यटकों पर फायरिंग की, जिसमें 28 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक यूएई और एक नेपाल का पर्यटक और 2 स्थानीय नागरिक शामिल हैं। बाकी पर्यटक यूपी, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के हैं।पहलगाम में एक दिन पहले हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला किया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बुधवार (23 अप्रैल, 2025) को प्रधानमंत्री आवास पर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक के बाद यह घोषणा की। इस बीच, सरकार ने गुरुवार (24 अप्रैल, 2025) को सर्वदलीय बैठक बुलाई है।

मंगलवार (22 अप्रैल, 2025) दोपहर को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के ऊपरी इलाकों में बैसरन घास के मैदानों में नागरिकों पर हुए सबसे घातक हमलों में से एक में आतंकवादियों के एक समूह ने दो विदेशी पर्यटकों सहित कम से कम 27 लोगों की हत्या कर दी।लेकिन सवाल यह है कि ऐसा कब तक करेंगे देश सर्वोपरि है सेना को पूर्ण रूप से छूट जब तक नहीं होगा लोग मारे जाते रहेंगे। इस क्रूरता की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है क्योंकि आतंकवाद का कोई धर्म या क़ोई नियम कानून नहीं होता वो केवल अपनी माँगों को पूरा करने के लिये सरकार के ऊपर दबाव बनाने के साथ ही आतंक को हर जगह फैलाने के लिये निर्दोष लोगों के समूह या समाज पर हमला करते हैं। उनकी माँगे बेहद खास होती हो, जो वो चाहते हैं केवल उसी को पूरा कराते हैं। ये मानव जाति के लिये एक बड़ा खतरा है। वो कभी-भी अपने दोस्त, परिवार, बच्चे, महिला या बूढ़े लोगों के लिये समझौता नहीं करते हैं। वो केवल लोगों की भीड़ पर बम गिराना चाहते हैं। वो लोगों पर गोलियाँ चलाते हैं, विमानों का अपहरण करते हैं और दूसरी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देते हैं।कम से कम समय में अपने मुख्य क्षेत्रों या देशों में आतंक फैलाने के लिये आतंकवादी लक्ष्य बनाते हैं। पूर्व में, ऐसा माना जाता है कि आतंकवादी गतिविधियाँ केवल जम्मू और कश्मीर तक ही सीमित थी लेकिन अब ये अपनी जड़ें देश के दूसरे क्षेत्रों में भी फैला रहा है। देश में अलग-अलग नामों के साथ कई सारे आतंकवादी समूह सक्रिय हैं। अपने कार्य के अनुसार राजनीतिक और आपराधिक आतंकवाद के दो मुख्य प्रकार हैं। कुछ खास लक्ष्यों को पूरा करने के लिये प्रशिक्षित लोगों का समूह है आतंकवाद। विभिन्न उद्देश्यों को पूरा करने के लिये एक से ज्यादा आतंकी समूह प्रशिक्षित किये जाते हैं। ये एक बीमारी की तरह है जो नियमित तौर पर फैल रही है और अब इसके लिये कुछ असरदार उपचार की जरुरत है।आतंकवादी कहे जाने वाले प्रशिक्षित लोगों के समूह के द्वारा अन्यायपूर्ण और हिंसात्मक गतिविधियों को अंजाम देने की प्रक्रिया को आतंकवाद कहते हैं। वहाँ केवल एक मालिक होता है जो समूह को किसी भी खास कार्य को किसी भी तरीके से करने का सख्त आदेश देता है। अपने अन्यायी विचारों की पूर्ति के लिये उन्हें पैसा, ताकत और प्रचार की जरुरत होती है। ऐसी परिस्थिति में, ये मीडिया होती है जो किसी भी राष्ट्र के समाज में आतंकवाद के बारे में खबर फैलाने में वास्तव में मदद करती है। अपनी योजना, विचार और लक्ष्य के बारे में लोगों तक पहुँच बनाने के लिये आतंकवाद भी मीडिया का सहारा लेता है।अपने उद्देश्य और लक्ष्य के अनुसार विभिन्न आतंकी समूह का नाम पड़ता है। आतंकवाद की क्रिया मानव जाति को बड़े पैमाने पर प्रभावित करती है और लोगों को इतना डरा देती है कि लोग अपने घरों से बाहर निकलने में डरते हैं। वो सोचते हैं कि आतंक हर जगह है जैसे घर के बाहर रेलवे स्टेशन, मंदिर, सामाजिक कार्यक्रमों, राष्ट्रीय कार्यक्रमों आदि में जाने से घबराते हैं। लोगों के दिमाग पर राज करने के साथ ही अपने कुकृत्यों कों प्रचारित और प्रसारित करने के लिये अधिक जनसंख्या के खास क्षेत्रों के तहत आतंकवादी अपने आतंक को फैलाना चाहते हैं। आतंकवाद के कुछ हालिया उदाहरण 7 अक्टूबर को इजराइल में हमास का हमला,अमेरिका का 9/11 और भारत का 26/11 हमला है। इसने इंसानों के साथ ही बड़े पैमाने पर देश की अर्थव्यवस्था को भी चोट पहुँचायी है। युद्ध द्वारा किसी राष्ट्र से आतंकवाद और आतंक के प्रभाव को खत्म करने के लिये, सरकार के आदेश पर कड़ी सुरक्षा का प्रबंध किया गया है। वो सभी जगह जो किसी भी वजह से भीड़-भाड़ वाली जगह होती या बन जाती है जैसे सामाजिक कार्यक्रम, राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, मंदिर आदि को मजबूत सुरक्षा घेरे में रखा जाता है। सभी को सुरक्षा नियमों का पालन करता पड़ता है और ऑटोमैटिक बॉडी स्कैनर मशीन से गुजरना पड़ता है। इस तरह के उपकरणों का इस्तेमाल करने के द्वारा सुरक्षा कर्मियों को आतंकवादी की मौजूदगी का पता लगाने में मदद मिलती है।

# क्या बिहार में जेपी से बीजेपी तक का सफर अक्टूबर नवम्बर 2025 विधानसभा चुनाव में पूरा होगा

**अजय दीक्षित**




14 करोड़ आबादी वाले भारत के दूसरे सबसे बड़े राज्य बिहार की 243 विधानसभा सीटों के चुनाव अक्टूबर नवम्बर 2025 में होने वाले हैं। उत्तर प्रदेश, झारखंड,नेपाल की सीमा से लगे इस बिहार राज्य में जातिवाद और आरक्षक का मुद्दा प्रमुख है। इस प्रदेश में यादव, मुस्लिम, बाहुल्य है लेकिन भूमिहार, राजपूत,कोरी, पासी, ब्राह्मण, आदि जातियों है ।इस प्रदेश में शायद जगन्नाथ मिश्र अंतिम कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे हैं। वर्तमान में नीतीश कुमार 2004 से मुख्यमंत्री हैं।

इस बार के चुनाव बिहार को जेपी से बीजेपी तक पहुंचा रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी का बिहार में राज करने का सपना 2025 में तो नहीं 2026 में पूरा होगा । क्योंकि नीतीश कुमार किसी बीमारी से ग्रसित हैं।भाजपा ने माइक्रो चुनाव प्रबंधन किया है और बिहार मामलों के प्रभारी विनोद तावड़े पीछे 6 माह से बिहार के पटना में डटे हैं और पूरे बिहार की खाक छान रहे हैं।अब चुनाव की गतिविधियों तेज हो गई हैं 25 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा आ रहे हैं और इस दिन लाडली बहना जैसी विशाल घोषणा हो सकती है जिसमें 173००० एक करोड़ तिहतर महिलाओ को 1500से 2500 देने की घोषणा हो सकती है।इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव और अश्विनि वैष्णव को भी जिम्मे दारी मिल सकती हैं और विनोद तावड़े पहले से ही है।

राजद, कांग्रेस,से निपटने के लिए कुर्मी,कोरी,पासी,रजक,जैसी छोटी जातियों की ओर एनडीए में लाया जा रहा है अभी यह तय नहीं कि मुख्यमंत्री चेहरा कौन होंगे लेकिन नीतीश कुमार ही होंगे।कई राज्यों के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव, भजनलाल, विष्णु सहाय , नायब सैनी, योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह चौहान की भी भूमिका बढ़ेगी ।सीटों का तालमेल 243 में से 115पर भाजपा और इतने पर ही जेडीयू लड़ेगी वाकी पर लोजपा,हम पार्टी लड़ेगी और इस बार का चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फेस पर होगा। पहली बार बिहार से जेपी से बीजेपी तक का सफर शुरू होगा ।बिहार में मिथिलांचल,मगध, मध्य बिहार क्षेत्र है।मध्य बिहार में यादव मुस्लिम बाहुल्य है वहीं मगध में भूमिहार राजपूत है वही मिथिलांचल में ब्राह्मण का बोलबाला है। आजादी के भगवत झा आजाद, ललित नारायण मिश्रा, अब्दुल गफूर, कर्पूरी ठाकुर,रमई राम, बाबू जगजीवन राम, जयप्रकाश नारायण, चंद्रशेखर,नेता थे वहीं 1990 में उदय हुआ लालू यादव का कुछ दिनों जॉर्ज फर्नांडिस, शरद यादव, अश्विन चौबे, सुशील कुमार मोदी,नेता रहे लेकिन नीतीश कुमार ने बिहार। को जाति धर्म समुदाय से बाहर कर विकास का रास्ता दिखाया।बिहार की मुख्य समस्या है रोजगार यहां युवा शादी होते ही सबसे पहले दिल्ली का रुख करता है।मुंबई, कलकत्ता, पुणे, हैदराबाद,चेन्नई ,जयपुर सहित भारत वर्ष प्रत्येक हिस्से बिहार से पलायन कर इन शहरों में जाता है और मजदूरी करना, झुग्गी में रहना ही उसकी नियति बन गई है।

## किताबों से दूरीः समाज की नई दुर्बलता!

**सोनम लववंशी**

कभी किताबें धरोहर होती थीं, अब वे सिर्फ सजावट बनकर रह गई हैं। दीवारों पर टंगी तस्वीरों और दराज में पड़ी पुरानी डायरी की तरह किताबें भी बीते समय की याद भर हैं। यूनेस्को ने 23 अप्रैल को विश्व पुस्तक दिवस घोषित किया था ताकि समाज किताबों की अहमियत को दोबारा समझे, मगर आज सवाल ये है कि क्या हम वाकई समझना चाहते हैं? अब किताबें पढ़ी नहीं जातीं, खरीदी जाती हैं ताकि इंस्टाग्राम पर उनकी तस्वीर लगाई जा सके। पढ़ने की जगह स्क्रॉल करने का चलन है। औसतन एक भारतीय प्रतिदिन 2.36 घंटे सोशल मीडिया पर बिताता है, जबकि पढ़ने में महज 2.7 मिनट खर्च करता है। इससे ज़्यादा किसी समाज की बौद्धिक दरिद्रता का प्रमाण और क्या होगा? पहले पढ़ा हुआ ज्ञान होता था, अब सुना हुआ भ्रम है। गूगल पर किताबों के बिना ज्ञान खोजिए, सैकड़ों वीडियो मिल जाएंगे जो साबित करने पर आमादा हैं कि बिना पढ़े भी दुनिया बदली जा सकती है। पर क्या सचमुच ऐसा है? क्या न्यूटन, टॉलस्टॉय, अंबेडकर या प्रेमचंद ने किताबों के बिना क्रांति की थी? नहीं। तो फिर आधुनिक भारत क्यों इस भ्रमित दिशा में बढ़ चला है? हम विश्वगुरु बनने को आतुर हैं, जबकि युवा पीढ़ी किताबों से दूर होती जा रही है। असर-2023 की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीण भारत के 14-18 वर्ष के 25 प्रतिशत विद्यार्थी अपनी मातृभाषा में कक्षा दो की किताब तक नहीं पढ़ सकते। यह वही भारत है जहाँ शारदा पीठ, नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान केंद्रों ने विश्व को दिशा दी थी। एक अन्य रिपोर्ट कहती है कि भारत में हर तीसरा ग्रेजुएट अपनी डिग्री के बाद फिर कभी कोई किताब नहीं पढ़ता। फिर भी हम समाज में विवेक, तार्किकता और आलोचनात्मक सोच की अपेक्षा करते हैं? आज पढ़ना 'बोरिंग' और रील्स 'एंटरटेनिंग' हो गई हैं। क्या यह मनोरंजन की लत हमारी मानसिक आज़ादी को नहीं निगल रही? आज का युवा ऐतिहासिक उपन्यास नहीं पढ़ता, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर शॉर्ट्स जरूर देखता है।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में फायदा हो सकता है। घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है। आज नए संपर्क बनेंगे। किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां बेहतर होगी।

वृष राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बितायेंगें घर में खुशी का महौल बना रहेगा। आज आपका व्यवस्थित और सकारात्मक दृष्टिकोण हर जगह उचित तालमेल बनाकर रखेगा। आज व्यवसाय से संबंधित गतिविधि करते समय अपने कार्य क्षमता पर भरोसा रखें । बिजनेस बढ़ाने के लिए नए शोध और योजनाओं की जरूरत है।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपकी निजी समस्या सुलझ सकती है। व्यक्तिगत रिश्ते में चल रही समस्याओं को अपने ऊपर हावी ना होने दें। बच्चों की गतिविधियों को नजरअंदाज ना करें। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना जरूरी है। ज्यादा सोच विचार करने से आपकी कार्यप्रणाली पर असर पड़ सकता है।

कर्क राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। आज आप अपने राजनैतिक अथवा सामाजिक संपर्कों को और अधिक मजबूत करेंगे । आज कोशिश करने पर मनचाहा कार्य पूरा हो सकता है। परंतु लेनदेन के मामलों में ज्यादा लाभ की उम्मीद ना रखें। दोस्तों की सलाह आज आपके बहुत काम आयेगी।

सिंह राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नये कदम उठायेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। आज परिवार के साथ हर्षोल्लास के साथ समय बीतेगा। कार्यकुशलता के दम पर आप वह उपलब्धि हासिल कर लेंगे जिसकी कभी आपने तमन्ना की थी।

कन्या राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज दूसरों के मामले में दखलंदाजी ना करें और ना ही बिन मांगे सलाह द । आज बीती हुई नकारात्मक बातों को दिमाग पर हावी न होने दे, क्योंकि इस वजह से सब कुछ ठीक रहते हुए भी आपको कहीं ना कहीं उलझन महसूस होगी। साथ ही अपनी भावनाओं व क्रोध पर नियंत्रण रखें।

तुला राशि: आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। आपको अपनी मनपसंद कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलावा आयेगा। आज आप दिन की शुरुआत में ही अपने खास कार्यों की रूपरेखा बना ले । आपकी सकारात्मक सोच आपको निर्णय लेने में सहयोग करेगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप ज्यादा समय परिवार वालों के साथ बिता सकते हैं। आज आपके लिए फैसला करना कठिन होगा। आज किसी समस्या से आपको राहत मिलने वाली है और परिवार के साथ किसी धार्मिक गतिविधि में समय बीतेगा। जिससे सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करेंगे। भाइयों के साथ रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए फायदेमंद होने वाला है। आज आपको आय के नए रास्ते सामने नज़र आ सकते हैं। आज ऑफ़िस में किसी सीनियर का सहयोग मिलने से काम में आसानी होगी। विद्यार्थियों को अपने किसी विषय को लेकर की गई मेहनत में सफलता हासिल होगी।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। सेहत के मामले में दिन अच्छा है। किसी को अपनी बातों से सहमत करवाना चाह रहे हैं तो सावधान रहें। आज कुछ चुनौतियां सामने आएंगी लेकिन आपकी सूझबूझ से हल भी निकलते जाएंगे। खासकर इस राशि की महिलायें अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से करने में सक्षम रहेंगी।

कुंभ राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपकी मेहनत के मुताबिक फल मिलेगा। आज उधार दिया हुआ या फंसा हुआ पैसा वापस मिलने से आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप अपनी योग्यता और प्रतिभा द्वारा विशेष उपलब्धि हासिल करने में सक्षम रहेंगे। पिता या पिता समान किसी व्यक्ति की सलाह और मार्गदर्शन का जरूर अनुसरण करें। आज व्यस्तता के चलते कार्यस्थल पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु आपके स्टाफ और कर्मचारियों का सहयोग से व्यवस्था उचित बनी रहेगी। कहीं बाहर घूमने जाने का प्लान भी बना सकते हैं।

मीन राशि: आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। काम शुरू करने से पहले उस क्षेत्र से जुड़े लोगों की राय जरुर ले लें। आज आपका पिछले काफी समय से रुका हुआ काम हल होने वाला है, जिससे आप राहत महसूस करेंगे। अपना कुछ समय किसी एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर भी जरूर व्यतीत करें। विद्यार्थी वर्ग अपना प्रोजेक्ट पूरा होने से गर्व महसूस करेंगे। आज समय अनुसार अपने स्वभाव में बदलाव लाने की जरूरत है।

# देश में एक नया दर्शन स्थापित

**अजीत द्विवेदी**

कर्ज लेकर घी पीने का एक दर्शन भारत में रहा है। चार्वाक ऋषि को इस दर्शन का प्रणेता माना जाता है। हालांकि यह दर्शन ज्यादा लोकप्रिय नहीं हुआ क्योंकि कर्ज लेकर घी पीने वालों को भारतीय समाज में फ्रॉड माना जाता है। इसलिए यह काम बड़े लोगों खासकर उद्योगपतियों, कारोबारियों, नेताओं आदि के लिए छोड़ दिया गया। मध्यवर्ग अपनी मोरालिटी में इससे दूर रहा तो निचले तबके को इसका मौका ही नहीं मिला। लेकिन अब देश में एक नया दर्शन स्थापित हो रहा है। कर्ज लेकर दाल-रोटी चलाने का। नोटबंदी, जीएसटी और केंद्र सरकार की अन्य आर्थिक नीतियों के साथ साथ कोरोना की महामारी ने भारतीय समाज को इस दर्शन का अनुपालन करने के लिए मजबूर कर दिया है।

भारत में कर्ज के आंकड़े परेशान करने वाले हैं। एक तरफ अमीरों का कर्ज है, जिसमें से पिछले 10 साल में 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज भारत सरकार ने बट्टेखाते में डाला है तो दूसरी ओर रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिए गए कर्ज का आंकड़ा है, जिसके बोझ तले देश का मध्य वर्ग दबा हुआ है।

कोरोना महामारी के बाद घरेलू कर्ज यानी रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के वास्ते लिया गया कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। कई स्तरों पर कर्ज डिफॉल्ट हो रहा है और बैंकों का पैसा डूब रहा है। रिजर्व बैंक के पिछले साल यानी 2024 में क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में डिफॉल्ट राशि 28.42 फीसदी बढ़ कर 6.742 करोड़ रुपए हो गई है। पिछले साल जून तक गोल्ड लोन का डिफॉल्ट 6,696 करोड़ रुपए हो गया था। क्रेडिट कार्ड और गोल्ड लोग दोनों का कर्ज छोटी छोटी घरेलू जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया गया है। जून 2021 में जब कोरोना महामारी की दूसरी लहर समाप्त हुई उस समय घरेलू कर्ज भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 36.5 फीसदी था, जो जून 2024 में बढ़ कर जीडीपी के 42.9 फीसदी तक पहुंच गया। अगर 2015 से 2019 की चार साल की अवधि को देखें तो घरेलू कर्ज का औसत जीडीपी के 33 फीसदी के आसपास था। यानी 2019 के बाद से इसमें 10 परसेंटेज प्वाइंट की बढ़त हुई है। अगर भारत की जीडीपी चार सौ लाख करोड़ रुपए है तो इसका मतलब है कि चार साल में घरेलू कर्ज में 40 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हो गई है।

घरेलू कर्ज के आंकड़ों की थोड़ी और बारीकी में जाते हैं तो पता चलता है कि मार्च 2021 से मार्च 2024 की तीन साल की अवधि में बैंकों से लिए जाने वाले पर्सनल लोन में 75 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस अवधि में नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज और हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसी अवधि में मिनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्ज में 67 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। इसकी तुलना में इसी अवधि में घरेलू आय में 43 फीसदी और उपभोग में 49 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यानी आय व उपभोग के अनुपात में कर्ज ज्यादा बढ़ा है। अर्थशास्त्र के जानकारों का कहना है कि अगर कर्ज बढ़ने का ट्रेंड 2015 से 2019 वाला रहता और उसके बाद चार साल में जितनी तेजी से बढ़ा है वैसे नहीं बढ़ता तो उपभोक्ता खर्च में जीडीपी के दो फीसदी के बराबर कमी आती। इसका बहुत बड़ा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता।

सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि ज्यादातर कर्ज घरेलू और रोजमर्रा की जरुरतों को पूरा करने के लिए लिया जा रहा है। निवेश करने या कारोबार बढ़ाने के लिए इस अनुपात में कर्ज नहीं लिया जा रहा है। दूसरी खास बात यह है कि पांच लाख रुपए सालाना से कम आय वाले लोग अपनी जरुरतों को पूरा करने के लिए ज्यादा कर्ज ले रहे हैं। यही कारण है कि अनसिक्योर लोन की मात्रा सबसे ज्यादा बढ़ रही है। अगर बैंकों से लिए जाने वाले घरेलू कर्ज में क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के कर्ज को जोड़ दें तो मार्च 2021 से मार्च 2024 की अवधि में कर्ज बड़ने का आंकड़ा 82 फीसदी पहुंच जाता है। इन तीनों मामलों यानी घरेलू कर्ज, क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स का गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं का कर्ज इसी अवधि में 130 फीसदी की दर से बढ़ा है। तभी माना जा रहा है कि पांच लाख से कम आय वाला घर चलाने के लिए कर्ज ले रहा है और उससे ज्यादा मध्य आय वाला वर्ग घर और कार आदि के लिए कर्ज ले रहा है। चिंता की दूसरी बात यह है कि पहले से चल रहे कर्ज के बाद भी परिवार कर्ज ले रहे हैं। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक निजी कर्ज लेने वाले पांच से में तीन लोगों के ऊपर एक साथ तीन लोन की किस्तें चल रही हैं। माइक्रो फाइनेंस की बात करें तो छह फीसदी ऐसे हैं, जिन पर चार या उससे ज्यादा कर्ज चल रहे हैं। इसका मतलब है कि घरेलू आय का बड़ा हिस्सा कर्ज की किस्तें भरने में जा रहा है और अगर आय में बहुत जल्दी व तेजी से बढ़ोतरी नहीं होती है तो बैंकों के कर्ज एनपीए में बदलेंगे या आम लोगों पर कर्ज चुकाने का बहुत बड़ा दबाव बनेगा। उनकी कमाई का ज्यादा हिस्सा कर्ज चुकाने में जाएगा।

तभी रिजर्व बैंक ने कर्ज की शर्तें सख्त करने और जोखिम का आकलन करने का निर्देश दिया। इससे कर्ज देने की रफ्तार में थोड़ी कमी आई लेकिन इसका असर उपभोग पर पड़ा और विकास दर गिर गई। सो, यह अलग जोखिम है। इस बीच रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कमी शुरू कर दी है। दो कटौती हो गई है। इससे कर्ज और उपभोग दोनों बढ़ेंगे। पर मुश्किल यह है कि अगर कमाई नहीं बढ़ी तो कर्ज कहां से चुकता होगा? फिर तो बैंकिंग सेक्टर का भी भट्ठा बैठेगा। ध्यान रहे बैंकों के कर्ज में निजी और घरेलू कर्ज का हिस्सा एक तिहाई है और एनबीएफसी व एचबीएफसी के कर्ज में आधा है। ऐसा नहीं है कि उपभोग के लिए सिर्फ निजी कर्ज या क्रेडिट कार्ड और कंज्यूमर उत्पादों के लिए बैंकों या एनबीएफसी से कर्ज लिए जा रहे हैं, गोल्ड लोन यानी सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने का ट्रेंड भी तेजी से बढ़ा है। इसका भी ज्यादातर हिस्सा घरेलू जरुरतों को पूरा करने से जुड़ा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2025 में गोल्ड लोन में 87.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ कर 1.91 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। 2019 से 2024 के बीच सोना गिरवी रख कर कर्ज लेने वाली महिलाओं की संख्या में 22 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इसी बीच गोल्ड लोन डिफॉल्ट में 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2024 में गोल्ड लोन बकाया 1,02,562 करोड़ था, जो अक्टूबर 2024 तक बढ़ कर 1,54,282 करोड़ हो गया और फरवरी 2025 में बढ़ कर 1.91 लाख करोड़ हो गया।



# देश की दूसरी और बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन को पीएम मोदी ने दिखाई हरी झंडी



## सहरसा से मुंबई के बीच चलने वाली अमृत भारत ट्रेन को रवाना किया

मधुबनी,(ईएमएस)। देश की दूसरी और बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन 24 अप्रैल से जयनगर से पटना के बीच चलेगी। नमो भारत ट्रेन 130 किमी/घंटे की रफ्तार होगी। 267 किमी की दूरी करीब 5 घंटे में पूरी करेगी। साथ ही बिहार से दूसरी अमृत भारत भी 24 अप्रैल से ही शुरू हो गई है। यह सहरसा से मुंबई के बीच चलेगी। मधुबनी से पीएम मोदी ने दोनों ट्रेनों को वर्चुअल तरीके से हरी झंडी दिखाई। 16 कोच वाली नमो भारत के सभी कोच जनरल हैं। इस ट्रेन में 2000 पैसेंजर की क्षमता है। देश की पहली नमो भारत भुज से अहमदाबाद के बीच चल रही है।

बिहार की पहली नमो भारत ट्रेन जय नगर से पटना के बीच चलेगी। इस दौरान ट्रेन मधुबनी, सकरी, दरभंगा, समस्तीपुर, बरौनी, मोकामा और पटना में ठहराव लेगी। नमो भारत ट्रेन जयनगर से सुबह 5 बजे चलकर सुबह 10.30 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में पटना से शाम 6.05 बजे चलकर रात 11.45 पर जयनगर पहुंचेगी।

## मृतक नेपाली युवक का शव सोनौली बॉर्डर पर परिजनों को सौंपा गया, केंद्र से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

महाराजगंज (आरएनएस) । जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में भारत के पड़ोसी देश नेपाल के लुम्बिनी प्रदेश के निवासी सुदीप नेउपाने की भी मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर आज सुबह महराजगंज जिले के भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा सोनौली पहुंचा, जहां नेपाल प्रशासन और भारतीय प्रशासन की मौजूदगी में मृतक नेपाली युवक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया। इस दौरान महराजगंज जिला प्रशासन की ओर से नौतनवा के उपजिलाधिकारी नवीन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी व नेपाल प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में भारतीय एंबुलेंस से नेपाली युवक का शव नेपाल प्रशासन को सौंप दिया गया। सोनौली बॉर्डर पर पहुंचे मृतक युवक के परिजन गमगीन थे और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। सुदीप नेउपाने के परिजनों ने भारत सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, आज नेपाली युवक का अंतिम संस्कार नेपाल के बुटवल में किया जाएगा। नेपाल के लोग इस आतंकी घटना से काफी नाराज हैं और उन्होंने भारतीय प्रशासन से आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की.

## गंडाला गांव में आतंकी हमले में मारे गए निर्दोषों को दी गई श्रद्धांजलि, कैंडल मार्च निकालकर जताया आक्रोश

बहरोड़ (आरएनएस)। कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए इस्लामी आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए बहरोड़ क्षेत्र के गंडाला गांव में सोमवार शाम को एक शांति कैंडल मार्च निकाला गया। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान गांव के लोगों में हमले को लेकर खासा आक्रोश देखने को मिला। कैंडल मार्च के पश्चात आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मेजर रामौतार ने कहा, कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला एक बेहद कायराना और निंदनीय कृत्य है। इस तरह की घटनाएं न सिर्फ देश की शांति व्यवस्था को बाधित करती हैं, बल्कि इंसानियत को भी शर्मसार करती हैं। निर्दोष लोगों की जान लेना आतंकियों की क्रूरता को दर्शाता है, और सरकार को चाहिए कि इस घटना के दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए। कैंडल मार्च में गंडाला गांव के अनेक गणमान्य लोग और युवा शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अनिल यादव, लखमी ठेकेदार, डा. नीरज पांडे, मनीष अग्रवाल, महेश सेठ, कर्ण सिंह, कृष्ण रोहिल्ला, ओम यादव, लक्ष्मीनारायण, बंटी सैन, वैभव गोयल, गुलशन शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के विरुद्ध आवाज़ बुलंद करते हुए देश की अखंडता और सुरक्षा को सर्वोपरि बताया।




जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी, नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने श्रीनगर में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए सर्वदलीय बैठक की शुरुआत में दो मिनट का मौन रखा।

## एफआईआईटी जेईई के मालिक डीके गोयल पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, दिल्ली-एनसीआर में 10 ठिकानों पर छापेमारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान एफआईआईटी जेईई की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (श्ब्ष्ठ) ने संस्थान के मालिक डीके गोयल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम समेत 10 ठिकानों पर छापेमारी की है।सूत्रों के मुताबिक, एफआईआईटी जेईई के कई सेंटर अचानक बंद होने और हजारों छात्रों का भविष्य अधर में लटकने के मामले में ईडी यह कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार, संस्थान बंद होने से करीब 12,000 छात्रों को नुकसान हुआ है, जबकि मालिकों को इससे करीब 12 करोड़ रुपये का आर्थिक लाभ हुआ।इससे पहले फरवरी में नोएडा पुलिस ने एफआईआईटी जेईई से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज किया था। इन खातों में 11.11 करोड़ रुपये सीज किए गए थे। मामला थाना सेक्टर-58 में दर्ज किया गया था, जहां एफआईआईटी जेईई के मालिक दिनेश गोयल समेत 8 लोगों पर आपराधिक साजिश और विश्वासघात जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## गौतम गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर से मिली जान से मारने की धमकी, एफआईआर दर्ज; परिवार की सुरक्षा की मांग



नई दिल्ली (आरएनएस)। टीम इंडिया के हेड कोच और पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर को आतंकवादी संगठन ISIS कश्मीर की ओर से जान से मारने की धमकी मिली है। गंभीर ने इस मामले में 23 अप्रैल को दिल्ली पुलिस में FIR दर्ज कराई है और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, गंभीर को यह धमकी उस वक्त मिली जब वह IPL के चलते टीम इंडिया से ब्रेक पर हैं। हाल ही में वह अपने परिवार के साथ यूरोप टूर पर गए थे, लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के ठीक एक दिन बाद आई यह धमकी गंभीर चिंता का विषय बन गई है।दिल्ली पुलिस ने गंभीर की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस धमकी की जांच में स्पेशल सेल और साइबर यूनिट भी लगाई गई है, ताकि धमकी देने वाले की पहचान की जा सके।

गौरतलब है कि गौतम गंभीर इससे पहले भी कई बार आतंकवाद और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के खिलाफ खुलकर बयान दे चुके हैं। ऐसे में ये धमकी उन्हें डराने या दबाव में लाने की कोशिश के तौर पर देखी जा रही है।

## पहलगाम हमले पर अर्जुन रामपाल की दो टूक, 'कश्मीर भारत में है और हमेशा रहेगा

मुंबई (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले को अभिनेता अर्जुन रामपाल ने कायरतापूर्ण और घिनौना कृत्य बताया है। अभिनेता ने कहा कि कश्मीर भारत में है और भारत में ही रहेगा। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता अर्जुन रामपाल ने आतंकी हमले को कायरतापूर्ण और घिनौना करार देते हुए लिखा, जो खुद का बचाव नहीं कर सकते थे, उन निर्दोष लोगों पर हमला कायरतापूर्ण और घिनौना कृत्य है।अभिनेता ने आगे कहा, सोचिए कि आपके परिवार का कोई व्यक्ति खुशियां मनाने के लिए छुट्टी पर जाता है और कभी वापस नहीं आता, सिर्फ इसलिए क्योंकि वह धर्म विशेष से है! ऐसा नुकसान सहने वाले दुखी परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना।

## पहलगाम हमले के बाद बारामूला में अलर्ट, सरकार ने पीएम पैकेज कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के दिए निर्देश

बारामूला , (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत नियुक्त सभी कर्मचारियों को घर से काम करने के निर्देश दिए गए। बारामुला के मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) की ओर से जारी आदेश के अनुसार कर्मचारियों को 27 अप्रैल तक घर से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) के बारामुला कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत नियुक्त सभी कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से इस सप्ताह के लिए वर्क फ्रॉम होम (घर से कार्य) करने की अनुमति दी जा रही है। यह आदेश 27 अप्रैल (रविवार) तक प्रभावी रहेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निभाने के लिए उपलब्ध रहें और आवश्यकतानुसार विभागीय कार्यों में सहयोग सुनिश्चित करें।पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है।

## पहलगाम आतंकी हमलाः शुभम द्विवेदी के परिवार से मिले सीएम योगी, कहा- सरकार आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करेगी

कानपुर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके आवास पर भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर आतंकियों को नेस्तनाबूत करेगी। सीएम योगी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी की दो महीने पहले ही शादी हुई थी। सीएम ने इस हमले को क्रूर, कायराना और विभत्स कृत्य करार दिया।

उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में हर जगह इस घटना की निंदा हो रही है। यह घटना बताती है



कि आतंकवाद अब अंतिम सांस ले रहा है। निर्दोष पर्यटकों पर हमला करके बहन-बेटियों के सिंदूर को उजाड़ा जाए। इसे कोई सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता है। खासतौर पर भारत के अंदर यह कतई स्वीकार नहीं है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ जो जीरो टॉलरेंस की नीति रही है, वह प्रभावी ढंग से आतंकवाद को नेस्तनाबूत करेगी। इसके ताबूत पर अंतिम कील ठोकने की शुरुआत हो चुकी है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन क्षेत्रों का दौरा किया है। आगे की रणनीति के साथ ही आतंकवाद और उग्रवाद के खात्मे की एक नई पहल के लिए पूरा भारत आगे बढ़ा है। इसके प्रति जो जीरो टॉलरेंस की नीति है, इस दुखद घड़ी में पीएम मोदी के नेतृत्व पर विश्वास करना चाहिए। सीएम ने कहा कि मैंने अभी शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की है। उनके पिता से कल भी बात हुई थी। उनका शव कल ही आया है।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत का एक और एक्शन, एक्स अकाउंट को किया सस्पेंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के बीच भारत में पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स अकाउंट को बंद (सस्पेंड) कर दिया गया है। यह कदम सिंधु जल संधि को निलंबित करने और वरिष्ठ पाकिस्तानी राजनयिक कर्मचारियों को निष्कासित के बाद उठाया गया है।

यह फैसला पीएम मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक के एक दिन बाद आया है। यह बैठक पहलगाम में 23 अप्रैल को हुए हमले पर भारत की प्रतिक्रिया निर्धारित करने के लिए बुलाई गई थी। इससे पहले बुधवार शाम को एक प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि भारत में पाकिस्तानी उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 55 से घटाकर 30 किया जाएगा। भारत ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग से सभी रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को भी निष्कासित कर दिया है। इन व्यक्तियों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है और उन्हें एक सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह, भारत इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग से अपने सैन्य सलाहकारों को वापस बुलाएगा। दोनों मिशनों में सेवा सलाहकारों को सौंपे गए पांच सहायक कर्मचारियों को भी वापस बुलाया जाएगा।

## अब वक्त पीओके में सीधी कार्रवाई का : पूर्व विंग कमांडर प्रफुल्ल बख्शी



नई दिल्ली (आरएनएस)। पूर्व विंग कमांडर प्रफुल्ल बख्शी ने पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बढ़ते तनाव पर कहा कि जब दो देशों के बीच आपसी संबंध बिगड़ते हैं और सुरक्षा की भावना खतरे में पड़ने लगती है, तो कठोर और निर्णायक कदम उठाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से उठाए गए हालिया कदम जैसे दूतावास बंद करने की तैयारी, वीजा रद्द करना और पाकिस्तान के नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का अल्टीमेटम ये सभी पाकिस्तान पर गंभीर असर डालेंगे। प्रफुल्ल बख्शी ने कहा कि पाकिस्तान की आम जनता और युवा वर्ग पाकिस्तान आर्मी के साथ नहीं हैं। भारत में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान की भूमिका संदिग्ध है, और यह संभव है कि इस बार वह चीन के साथ मिलकर रणनीतिक तौर पर कोई तनावपूर्ण कदम उठा रहा हो। भारत का यह जवाब बहुत सीमित है और इससे पाकिस्तान की सैन्य गतिविधियों पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब भारत को केवल जवाबी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पीओके में उन 8-10 ठिकानों पर सीधा कब्जा करना चाहिए जहां से पाकिस्तान की सेना आतंकियों को भारत में भेजती है। बख्शी ने कहा कि जब तक पाकिस्तान की जमीन पर कब्जा नहीं किया जाएगा, तब तक उसकी सेना को कोई फर्क नहीं पड़ेगा।पूर्व विंग कमांडर ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की सेना अपनी जनता को यह भ्रम देती है कि वे भारत से बेहतर हैं, जबकि सच्चाई यह है कि पाकिस्तानी समाज के कई हिस्से भारत से प्रभावित होकर ही बदले हैं। उन्होंने कहा कि भारत को अब प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए, बल्कि निर्णायक सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए।पाकिस्तान द्वारा सीमा पर सेना और लड़ाकू विमानों की तैनाती पर उन्होंने कहा कि भारत को कोई नई तैयारी करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारतीय सेना पहले से ही हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहती है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच कूटनीतिक और नागरिक संपर्क लगभग समाप्त हो सकते हैं, जिससे संबंधों में और भी अधिक खटास आ सकती है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नीरज उधवानी को दी श्रद्धांजलि,सीएम ने मां के आंसू पोछे

जयपुर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नीरज उधवानी को राजस्थान ने नम आंखों से विदाई दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जयपुर स्थित नीरज के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद की पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित किया और गहरी संवेदना व्यक्त की।मुख्यमंत्री ने इस दौरान शहीद की मां के आंसू पोंछे और उन्हें ढांढस बंधाया। भावुक माहौल में मौजूद हर आंख नम थी। मुख्यमंत्री ने परिवार को आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार इस कठिन समय में उनके साथ है और हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी।

पहलगाम आतंकी हमले में जयपुर के 33 वर्षीय सीए नीरज उधवानी की मौत हो गई। यह हमला परिवार को जिंदगीभर का घाव दे गया। जयपुर के मालवीय नगर में रहने वाले नीरज उधवानी, जो पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट थे और यूएई में कार्यरत थे, अब इस दुनिया में नहीं हैं।

## केंद्र के आदेश के बाद क्या सीमा हैदर जाएगी पाकिस्तान ? उठने लगे सवाल

### -सीमा नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से हुई थी दाखिल, सचिन से की थी शादी

नोएडा,(ए)। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने देश में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने और 48 घंटे के अंदर भारत छोड़ने का आदेश जारी किया है। इस फैसले के बाद सबसे ज्यादा चर्चा में सीमा हैदर आई हैं। सीमा पाकिस्तान से अवैध रूप से भारत आई थी और अब ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में भारतीय युवक सचिन मीणा की पत्नी के रूप में रह रही है। सीमा हैदर नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से दाखिल हुई थी। भारत आने के बाद सीमा ने सचिन मीणा से शादी कर ली। सीमा अब सचिन के साथ रह रही है और दोनों का एक बच्चा भी है, जिसका जन्म भारत में हुआ है। सरकार के ताजा आदेश के बाद यह सवाल उठ रहा है कि क्या सीमा हैदर को भी भारत छोड़ना होगा?विशेषज्ञों की मानें तो मामला जटिल है। पहली बात, सरकार ने उन पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द किए हैं जो वैध रूप से भारत में रह रहे थे, जबकि सीमा हैदर बिना वीजा के अवैध रूप से भारत आई थीं। इसलिए यह आदेश उस पर सीधे तौर पर लागू नहीं होता। दूसरी बात सीमा अब एक भारतीय नागरिक की पत्नी है और उनके बच्चे का जन्म भारत में हुआ है, जिससे मानवीय और कानूनी पहलू इस मामले में अहम भूमिका निभा सकते हैं। सीमा की नागरिकता और भारत में उसके अवैध प्रवेश से जुड़ा मामला अदालत में लंबित है।



सीमा हैदर के वकील एपी सिंह ने बताया कि सीमा के एक बच्ची भारत में ही पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि मर्सी पिटिशन पहले ही दाखिल की जा चुकी है और भारत सरकार से संपर्क में हैं। उनका कहना है कि सीमा अब भारत की बहू है और उसकी नागरिकता की प्रक्रिया भी चल रही है। हालांकि, बढ़ते भारत-पाकिस्तान तनाव और राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर यह मामला और भी संवेदनशील हो गया है।

सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही सीमा की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। अंतिम फैसला अदालत के निर्णय और सरकार की नीति पर निर्भर करेगा। फिलहाल, केंद्र सरकार सीमा हैदर के मामले में कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है, लेकिन यह साफ है कि आने वाले दिनों में यह मामला गर्मा सकता है और इसकी दिशा कोर्ट के फैसले से तय होगी।

# भोजपुरी स्टार मोनालिसा ने साड़ी में बिखेरा जलवा, दिलकश अदाओं पर फिदा हुए फैंस



भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने लेटेस्ट साड़ी लुक को लेकर सोशल मीडिया पर छा गई हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह रेड और ऑरेंज रंग की खूबसूरत बंधेज साड़ी में नजर आ रही हैं. ट्रेडिशनल लुक में मोनालिसा की दिलकश अदाएं फैंस का दिल जीत रही हैं. तस्वीरों में मोनालिसा ने डीप नेक ब्लाउज़ के साथ साड़ी को बेहद ग्रेसफुल तरीके से कैरी किया है.माथे पर बिंदी, खुले बाल और ट्रेडिशनल झुमकों के साथ उनका यह लुक सोशल मीडिया यूज़र्स को खूब पसंद आ रहा है. जैसे ही मोनालिसा ने ये तस्वीरें पोस्ट कीं, फैंस ने कमेंट सेक्शन में दिल और फायर इमोजी की बरसात कर दी. किसी ने उन्हें 'क्वीन' कहा तो किसी ने उनके लुक को 'गॉर्जियस' बताया. मोनालिसा का यह ट्रेडिशनल अवतार एक बार फिर यह साबित करता है कि वे न केवल वेस्टर्न बल्कि इंडियन आउटफिट्स में भी उतनी ही खूबसूरत और स्टाइलिश लगती हैं. फैंस उनकी हर पोस्ट का बेसब्री से इंतज़ार करते हैं और मोनालिसा भी अपने चाहने वालों को कभी निराश नहीं करतीं.

## बॉक्स ऑफिस पर केसरी 2 की कमाई में मामूली बढ़त, पांचवें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

इन दिनों अक्षय कुमार की फिल्म केसरी- चैप्टर 2 सिनेमाघरों में लगी हुई है, जो दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है। इस फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, वहीं समीक्षकों ने भी फिल्म की कहानी के साथ-साथ अक्षय के अभिनय की सराहना की।

शुरुआती 3 दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया, लेकिन चौथे फिल्म की कमाई में भारी गिरावट दर्ज की गई।

हालांकि, पांचवें दिन केसरी 2 के कारोबार में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने 7.75 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।दूसरे दिन यह फिल्म 9.75 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 12 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। चौथे दिन इस फिल्म ने 4.5 करोड़ रुपये कमाए थे।केसरी 2 ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार को 4.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 38.75 करोड़ रुपये हो गया है।

# डांस की दीवानी सुम्बुल तौकीर करना चाहती हैं इस खास प्रोजेक्ट पर काम, बोलीं- ये मेरे लिए सुकून



टीवी सीरियल काव्या एक जज्बा एक जुनून फेम सुम्बुल तौकीर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी एक्टिंग और डांस वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। उन्हें एक्टिंग जितनी पसंद है, उससे कहीं ज्यादा डांस की दीवानी हैं। यही वजह है कि एक्ट्रेस ने डांस पर आधारित फिल्म में काम करने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वह डांस थीम पर आधारित फिल्म, सीरीज या यहां तक कि रियलिटी शोज भी करना चाहती हैं।

सुम्बुल ने कहा, मैं डांस पर आधारित फिल्म, सीरीज या यहां तक कि रियलिटी शो करना पसंद करूंगी। यह मेरे लिए सिर्फ एक कला नहीं बल्कि एक एहसास है। यह मेरे लिए सुकून है। अकेलापन हो या खुशी का अवसर, डांस मेरे लिए एक खास दोस्त की तरह है।

एक्ट्रेस ने कहा, मेरी जिंदगी में कई बार ऐसा वक्त भी आया, जब न तो किसी का साथ काम आया और न ही शब्द, एक डांस ही था, जिसने मुझे संभाले रखा। जब मैं डांस करती हूं, तो मुझे एक अलग ही सुकून मिलता है। मैं खुद को आजाद महसूस करती हूं। मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहूंगी, जो डांस के जरिए कहानी बयां करे। यह दिल से जुड़ा एक खास एहसास है। मैं हर धड़कन को महसूस करना चाहती हूं, हर पल को जीना चाहती हूं। अगर ऐसा कोई प्रोजेक्ट मेरे पास आता है, तो यह मेरी प्रार्थनाओं का असर होगा।

वर्कफ्रंट की बात करें तो, सुम्बुल तौकीर ने सोनी लिव के हिट शो इमली से घर-घर में पहचान बनाई। इसके अलावा, उन्होंने काव्या- एक जज्बा, एक जुनून, बालवीर, गंगा, वारिस जैसे टीवी सीरियल्स में भी काम किया। वह रियलिटी शो बिग बॉस 16 में भी नजर आईं। उन्होंने आयुष्मान खुराना की फिल्म आर्टिकल 15 में सहायक कलाकार के तौर पर काम किया। यही नहीं, 2014 में हर मुश्किल का हल अकबर बीरबल और जोधा अकबर शो में भी बतौर बाल कलाकार नजर आई थीं।

# सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देगी नितिन और श्रीलीला की रॉबिनहुड, 2 मई से जी5 पर होगी स्ट्रीम



नितिन की नवीनतम फिल्म रॉबिनहुड, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया था, जल्द ही ओटीटी पर नए दर्शक पा सकती है। वेंकी कुदुमुला द्वारा निर्देशित और श्रीलीला द्वारा मुख्य महिला कलाकार के रूप में अभिनीत, यह फिल्म अधिकांश थिएटर जाने वालों को प्रभावित करने में विफल रही। हालांकि, सोशल मीडिया पर जोरदार चर्चा से पता चलता है कि रॉबिनहुड 2 मई, 2025 को जी5 पर अपना डिजिटल डेब्यू करेगी।हालांकि निर्माताओं या स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशंसक यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि क्या फिल्म ओटीटी पर खुद को भुना सकती है। फिल्म में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वार्नर का एक सरप्राइज कैमियो है, जो इसकी अपील को बढ़ाता है। राजेंद्र प्रसाद, वेनेला किशोर और देवदत्त नागे सहित प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ, रॉबिनहुड अपनी दूसरी पारी में दर्शकों को जीतने की क्षमता रखता है। मैथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित और जीवी प्रकाश कुमार द्वारा रचित इस फिल्म के संगीत को खूब सराहा गया है। नितिन की हालिया फ्लॉप फिल्मों के बावजूद, फिल्म की ओटीटी रिलीज इसे एक नया जीवन दे सकती है। रॉबिनहुड के पोस्ट-थियेट्रिकल डिजिटल और सैटेलाइट अधिकार ज़ी स्टूडियोज ने अच्छी कीमत पर हासिल कर लिए हैं।

यह फिल्म जी5 पर अपनी डिजिटल स्ट्रीमिंग की शुरुआत करेगी और इसे ज़ी तेलुगु और ज़ी सिनेमालू चैनलों पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह समझौता पाँच सप्ताह के लिए है और डिजिटल रिलीज़ मई के पहले सप्ताह में होने की संभावना है। ओटीटी रिलीज़ के साथ, देखते हैं कि रॉबिनहुड को सफल होने का दूसरा मौका मिलता है या नहीं।

## हाथ में झाड़ू और कमर में बंधी साड़ी, राधिका आप्टे ने शेयर किया अपनी फिल्म सिस्टर मिडनाइट का पोस्टर



राधिका आप्टे ने अपने सोशल मिडिया पर अपनी फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनके अंदाज ने लोगों को चौंका दिया है। इस पोस्टर में अभिनेत्री हाथ में झाड़ू और कमर साड़ी बांधे हुईं नजर आ रही हैं।

अभिनेत्री राधिका आप्टे ने अपने इंस्ट्ग्राम पर एक स्टोरी लगाई है, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म सिस्टर मिडनाइट का एक पोस्टर शेयर किया है। एक्ट्रेस ने जिस पोस्टर को शेयर किया है, उस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'सिस्टर मिडनाइट के यूएस टैक्सी ड्राइवर से प्रेरित आधिकारिक पोस्टर की पहली झलक।' इसके अलावा लिखा कि फिल्म का निर्देशन और लेखन का काम करण कंधारी द्वारा किया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा कि यह फिल्म 16 मई को पहले न्यूयॉर्क में फिर 23 मई को लॉस एंजिलस में और उसके बाद बाकी शहरों में रिलीज की जाएगी। वहीं आपको बताते चलें कि इस पोस्टर को जेम्स पैटरसन द्वारा डिजाइन किया गया है।

राधिका आप्टे के इस लुक पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इसमें एक यूजर ने कमेंट किया कि राधिका एक शानदार कलाकार हैं। दूसरे यूजर ने कमेंट किया कि इस फिल्म का पोस्टर 1976 की 'टैक्सी ड्राइवर' फिल्म के पोस्टर की याद दिलाती है। इसके अलावा अन्य यूजर ने लिखा शानदार फिल्म।

## बॉक्स ऑफिस पर जाट की पकड़ मजबूत, 13वें दिन खाते में आए इतने करोड़ रुपये

अभिनेता सनी देओल इन दिनों फिल्म जाट को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी यह फिल्म बीते 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।हालांकि, अक्षय कुमार और आर माधवन की फिल्म केसरी- चैप्टर 2 के सिनेमाघरों में दस्तक देते ही जाट की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है।आइए जानें जाट ने रिलीज के 13वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जाट ने अपनी रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 78.25 करोड़ रुपये हो गया है।जाट के निर्देशन की कमान साउथ के जाने-माने निर्देशक गोपीचंद मलिनेनी ने संभाली है।

इस फिल्म में सनी का सामना रणदीप हुड्डा से हो रहा है। रणदीप ने फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाई है। उनकी अदाकारी की लोग काफी प्रशंसा कर रहे हैं।रणदीप और सनी के अलावा विनीत कुमार सिंह ने भी इस फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। जरीना वहाब और सैयामी खेर जैसे सितारे भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद जाट ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो सकती है।

# हनी सिंह की आवाज ने बिखेरा जलवा...अजय देवगन की फिल्म रेड 2 का नया गाना मनी मनी हुआ रिलीज



अभिनेता अजय देवगन पिछली बार फिल्म सिंघम अगेन में दिखे थे। हालांकि, उनकी इस फिल्म ने न तो बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई की और ना ही इसकी कहानी ने दर्शकों को प्रभावित किया।आने वाले समय में अजय फिल्म रेड 2 में नजर आएंगे, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। अब निर्माताओं ने रेड 2 का नया गाना मनी मनी जारी कर दिया है।

मनी मनी गाने को रैपर हनी सिंह ने अपनी आवाज दी है। इसके बोल भी उन्होंने ही लिखे हैं। इस गाने में उर्वशी रौतेला जबरदस्त डांस करती दिख रही हैं। गाने में अजय की भी झलक दिख रही है।

रेड 2 में अजय का सामना रितेश देशमुख से होगा। वह फिल्म में नेता दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे।इसमें अजय की जोड़ी पहली बार वाणी कपूर के साथ बनी है। वह अजय की पत्नी का किरदार अदा करेंगी।रेड 2 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म के निर्देशन की कमान राज कुमार गुप्ता को सौंपी गई है।भूषण कुमार ने इस फिल्म का निर्माण कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के साथ मिलकर किया है। रेड 2 2018 में आई फिल्म रेड का सीक्वल है। इसमें 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े आईटी विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाई गई थी।

# किशोरों का जल्दी सोकर देर से उठने पर तेज होता है दिमाग, अध्ययन में हुआ खुलासा

हमेशा से हमें जल्दी सोकर सुबह जल्दी उठने की सलाह मिली है, लेकिन हाल ही में सामने आए एक अध्ययन से पता चला है कि अगर किशोर जल्दी सो जाते हैं और अधिक समय तक सोते हैं तो उनका दिमाग तेज होता है।

इसके अतिरिक्त वे अन्य की तुलना में संज्ञानात्मक परीक्षणों में भी बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं।

आइए इस अध्ययन के बारे में विस्तार से जानते हैं।



### 3,000 से अधिक किशोरों पर किया गया अध्ययन

यह अध्ययन 3,000 से अधिक किशोरों पर किया गया, जिससे पता चला है कि जो किशोर सबसे पहले सो जाते हैं और लंबे समय तक सोते हैं, साथ ही जिनकी नींद के दौरान हृदय गति कम होती है, वे पढ़ने, शब्दावली, समस्या समाधान और अन्य मानसिक परिक्षणों में दूसरों से बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, 13 से 18 वर्ष के बच्चों को 8-10 घंटे की नींद लेनी चाहिए।

इस तरह से किया गया अध्ययन

इस अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों के मस्तिष्क स्कैन, संज्ञानात्मक परीक्षण किया गया और फिटबिट का इस्तेमाल करके उनकी नींद को ट्रैक किया गया।

किशोरों को तीन समूहों में बांटा गया। पहला समूह में से 39 प्रतिशत रात में 7 घंटे और 10 मिनट सोएं, जबकि दूसरे समूह में से 24 प्रतिशत किशोर 7 घंटे और 21 मिनट सोएं।

तीसरे समूह में शामिल 37 प्रतिशत किशोर 7 घंटे और 25 मिनट सोएं। साथ ही नींद में हृदय गति भी कम थी।बेहतर नींद से होता है संज्ञानात्मक क्षमताओं का विकास- बारबरा साहकियन

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में क्लिनिकल न्यूरोसाइकोलॉजी की प्रोफेसर बारबरा साहकियन ने कहा, हमें लगता है कि नींद बेहतर संज्ञानात्मक क्षमताओं को प्रेरित करती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि हम नींद के दौरान अपनी यादों को मजबूत करते हैं।शंघाई में फुडन विश्वविद्यालय के साहकियन की टीम और शोधकर्ताओं ने किशोर मस्तिष्क संज्ञानात्मक विकास अध्ययन में 3,222 युवाओं के डेटा का विश्लेषण किया, जो अमेरिका में मस्तिष्क विकास और बाल स्वास्थ्य पर सबसे बड़ी दीर्घकालिक जांच है।

### नींद में मामूली अंतर भी डाल सकता है शरीर पर बड़ा प्रभाव

साहकियन ने कहा कि यह आश्चर्यजनक था कि नींद में मामूली अंतर का इतना प्रभाव पड़ा।

उन्होंने आगे कहा, यह अध्ययन सुझाव देता है कि नींद की मात्रा में छोटे अंतर समय के साथ परिणामों में बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं।यॉर्क विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रोफेसर गैरेथ गैसकेल ने कहा कि वह किशोरावस्था से जुड़े अध्ययनों के तरीके को और अधिक देखना चाहते हैं ताकि वे उन किशोरों की मदद कर सकें, जिनका नींद पैटर्न शायद कमजोर हो।

# आम खरीदते समय इन 5 बातों का रखें खास ध्यान, होगा फायदा



गर्मियों के दौरान आने वाले आम को फलों का राजा माना जाता है। यह न केवल स्वादिष्ट और रसीला है, बल्कि कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर भी होता है। आम में विटामिन-सी, विटामिन-ए, फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हैं।आम का सेवन शरीर को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है। आइए आम खरीदते समय ध्यान रखने योग्य बातें जानते हैं।

### हरा आम न खरीदें

आम खरीदते समय उसके रंग पर ध्यान देना जरूरी है।

हरा आम पका हुआ नहीं होता है इसलिए इसे खाने से अच्छा है कि पका और पीले रंग वाला आम ही खरीदें। पके आम में पीले और लाल रंग के धब्बे होते हैं। ये धब्बे न केवल आम की मिठास को बढ़ाते हैं, बल्कि इसके स्वाद को भी बढ़ाते हैं। ऐसे आम खाने में और भी ज्यादा स्वादिष्ट होते हैं।

### गूदे की बनावट पर दें ध्यान

आम के गूदे की बनावट भी अहम होती है।

अगर गूदे के अंदर काले धब्बे हों या फिर वह दरदरा हो तो इसे खरीदने से बचें। इस तरह के आम की गुणवत्ता अच्छी नहीं होती और यह खाने में अच्छा नहीं लगता है।

बेहतर होगा कि आप चिकनी और मुलायम गूदे वाले आम को ही प्राथमिकता दें। इससे आपको पका और मीठा आम खाने को मिलेगा, जो आपके स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होगा।

### सुगंध पर दें ध्यान

आम की खुशबू भी उसकी गुणवत्ता को दर्शाती है। पके हुए आम से मीठी और आकर्षक खुशबू आती है, जो आपको दूर से ही महसूस होती है।अगर आम में से अच्छी खुशबू आ रही हो तो समझ जाइए कि वह पका हुआ है और इसे खरीदना चाहिए।दूसरी ओर अगर आम में से कोई खास सुगंध नहीं आ रही हो तो उसे खरीदने से बचें। इससे आपको स्वादिष्ट और ताजगी भरा फल मिलेगा।

### आकार पर दें ध्यान

आम खरीदते समय उसके आकार पर भी ध्यान देना चाहिए। गोल या अंडाकार आकार वाले आम ही अच्छे होते हैं।लंबे आकार वाले आम अक्सर कच्चे निकलते हैं, जिनमें मिठास कम होती है और ये खाने में अच्छे नहीं लगते। इसलिए हमेशा गोल या अंडाकार आकार वाले पके आम ही चुनें ताकि आपको स्वादिष्ट और ताजगी भरा फल मिले।इस तरह आप अपने परिवार के लिए बेहतरीन आम चुन सकते हैं।

### कीमत पर ध्यान दें

आम खरीदते समय उसकी कीमत पर भी ध्यान देना चाहिए।बाजार में अलग-अलग किस्मों के आम उपलब्ध होते हैं, जिनकी कीमत भी अलग-अलग होती है।महंगे आम हमेशा बेहतर गुणवत्ता वाले नहीं होते हैं इसलिए अपनी बजट अनुसार ही आम खरीदें। इन पांच बातों का ध्यान रखकर आप आसानी से अच्छे आम खरीद सकते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होंगे और आपके परिवार को खुश रखेंगे।

## कुत्तों की औलादों', हमास पर ही फूटा फिलिस्तीनी राष्ट्रपति का गुस्सा; बंधकों को तुरंत रिहा करने को कहा

फिलस्तीन,(आरएनएस) । फिलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हमास पर अब तक की सबसे कड़ी सार्वजनिक टिप्पणी करते हुए उसे 'कुत्तों की औलाद' कह कर संबोधित किया है। उन्होंने गाजा में जारी इजरायली हमलों को रोकने के लिए हमास से तुरंत हथियार छोड़ने और बंधकों को रिहा करने का आह्वान किया है।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अब्बास ने अपने टेलीविजन भाषण में कहा कि इजरायल को हमले का बहाना बंधकों की मौजूदगी से मिल रहा है, इसलिए उनकी रिहाई आवश्यक है। उन्होंने हमास को सीधे संबोधित करते हुए कहा, बंधकों को रिहा करो और इजरायल को हमले का जस्टिफिकेशन देना बंद करो।इजरायल ने जहां गाजा में नरसंहार के आरोपों को खारिज करते हुए इसे आत्मरक्षा बताया है, वहीं राष्ट्रपति अब्बास की यह बयानबाजी युद्धविराम वार्ता के बीच हमास के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है। इससे पहले मिस्र ने भी हमास को हथियार डालने का सुझाव दिया था। अब्बास ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमास के हमले की निंदा करते हुए फिलस्तीनी मुक्ति संगठन (PLO) के तहत सभी गुटों से एकजुट होने और फलस्तीनी स्वतंत्रता के लिए साझा प्रयास करने की अपील की है।

## इस्तांबुल में भूकंप, 151 लोग घायल - गवर्नर कार्यालय

इस्तांबुल ,(आरएनएस) । इस्तांबुल के गवर्नर कार्यालय ने बताया कि बुधवार को आए 6.2 तीव्रता के भूकंप के दौरान घबराहट और बिल्डिंग से कूदने की घटनाओं के कारण 151 लोग घायल हो गए।

कार्यालय ने बताया कि घायल व्यक्तियों का फिलहाल अस्पतालों में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति ठीक है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:30 बजे तक किसी के मरने की खबर नहीं है।गवर्नर कार्यालय ने पुष्टि की है कि फतिह जिले में एक इमारत को छोड़कर, पूरे शहर में कोई भी आवासीय इमारत नहीं गिरी है।

कार्यालय के अनुसार, ऊर्जा आपूर्ति, प्राकृतिक गैस वितरण, या पेयजल एवं सीवेज अवसंरचना में कोई व्यवधान नहीं आया है, जिससे दैनिक जीवन पर प्रभाव पड़े। भूकंप के बीच पार्कों, स्कूल के मैदानों और अन्य खुले क्षेत्रों में लोग जमा हो गए। कुछ लोगों ने पार्कों में टेंट लगा लिए। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोगान ने राष्ट्रीय संप्रभुता एवं बाल दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, भगवान का शुक्र है कि फिलहाल कोई समस्या नहीं है। ईश्वर हमारे देश और हमारे लोगों को सभी प्रकार की विपत्तियों, आपदाओं, दुर्घटनाओं और परेशानियों से बचाए।संचार निदेशालय के अनुसार, तुर्की के राष्ट्रपति को इस्तांबुल के गवर्नर से भूकंप के बारे में जानकारी मिली।गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि भूकंप लगभग 7 किमी (4.3 मील) की गहराई पर आया तथा 13 सेकंड तक रहा।इससे पहले दिन में, आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी ने घोषणा की कि भूकंप का केंद्र इस्तांबुल के यूरोपीय हिस्से में सिलिवरी जिले में मरमारा सागर में 6.92 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।तुर्की में भूकंप अक्सर आते रहते हैं, क्योंकि यह दो प्रमुख फॉल्ट लाइनों से होकर गुजरता है। फरवरी 2023 में 7.8 तीव्रता के भूकंप और दूसरे शक्तिशाली झटके के कारण 53,000 से अधिक लोग मारे गए और दक्षिणी तथा दक्षिण-पूर्वी तुर्की में लाखों इमारतें नष्ट हो गईं या क्षतिग्रस्त हो गईं।पड़ोसी देश सीरिया के उत्तरी भागों में 6,000 से अधिक लोग मारे गए। हालांकि इस्तांबुल में उस भूकंप से हुई तबाही से काफी हद तक बचाव हो गया, लेकिन इससे भविष्य में इसी तरह की, उतनी ही विनाशकारी घटना की आशंका बढ़ गई।

# भारत ने हमला किया जो एकजुट हो जाएंगे पाकिस्तान के सभी दल



इस्लामाबाद (ए.)। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान काफी डरा हुआ है उसे लग रहा है कि भारत हमला कर सकता है। पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन मुल्क ने कहा है कि अगर भारत हमला करने की कोशिश करता है, तो राजनीतिक दलों को एकजुट होना चाहिए। रिपोर्ट्स के अनुसार, हुसैन ने लिखा, पाकिस्तान राजनीतिक रूप से बंटा हुआ है, लेकिन एक राष्ट्र के तौर पर हम एक साथ खड़े हैं। अगर भारत की तरफ से धमकी दी जाती है या हमला किया जाता है, तो सभी ग्रुप पीएमएल-एन, पीपीपी, पीटीआई, जेयूआई और अन्य हमारे मुल्क की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान झंडे के तहत एकसाथ आगे बढ़ेंगे।

इससे पहले इधर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और सेना के मिलिट्री ऑपरेशन के महानिदेशक के साथ बैठक की। सूत्रों ने बताया, बैठक में रक्षा मंत्री ने सैन्यबलों को आतंक के खिलाफ लड़ाई को तेज करने का निर्देश दिया है। बैठक में सैन्य अधिकारियों ने रक्षा मंत्री को बताया कि आतंकियों की तलाश में अतिरिक्त सैन्यबलों को तैनात किया गया है। इसके पहले फवाद ने कहा था, भारतीय कैबिनेट ने अपनी सुरक्षा बैठक पूरी कर ली है। उम्मीद करते हैं कि शांति बनी रहेगी और अधिकारी मीडिया के कारण पैदा हुए युद्धोन्माद के चलते लाखों लोगों की जान खतरे में नहीं डालेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्थिति का जायजा लेने और सरकार की रणनीति पर विचार-विमर्श करने के लिए सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में प्रधानमंत्री के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल एवं वरिष्ठ नौकरशाह मौजूद थे।शाह ने प्रधानमंत्री को हमले के बारे में जानकारी दी तथा इस घटना के बाद उठाए गए कदमों पर चर्चा की।

## 2.5 लाख लो और फ्लाइट से उतरो, डेल्टा एयरलाइन ने अपने यात्रियों से क्यों कहा ऐसा ?

न्यूयॉर्क (ए)। देश में आए दिन विमान एयरलाइंस से जुड़ी अद्भुत घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस बीच डेल्टा एयरलाइंस के विमान से जुड़ा एक अनोखा मामला सामने आया है। प्लेन यात्री ने इस घटना को लेकर बताया कि उसे फ्लाइट से उतरने के लिए 2.5 लाख का ऑफर दिया गया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर bag_o नाम से जाने जाने वाले यूजर ने Reddit पर बताया कि आखिर हुआ क्या था। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार को शिकागो ओहारे से सिएटल जाने वाली डेल्टा फ्लाइट में हुई। उन्होंने लिखा, मैंने शिकागो ओहारे से सिएटल जाने वाली डेल्टा फ्लाइट में सुबह 7:50 बजे बुकिंग कराई थी।

गेट एजेंट धीरे से यात्री के पास गया और...

यूजर ने बताया कि वह जोन 2 में बोर्डिंग पूरी कर चुका था, तभी एक गेट एजेंट चुपचाप आया और उसने 3,000 डॉलर के वाउचर के साथ दो स्वयंसेवकों को विमान से उतरने के लिए कहा। उन्होंने लिखा, कोई माइक नहीं, कोई बड़ी घोषणा नहीं मुआवजा 3,000 डॉलर है।

उन्होंने खुलासा किया कि दो यात्री दो वाउचर दे रहे थे - एक 2,000 (लगभग 1,71,000 रुपये) और दूसरा .1,000 (लगभग 85,000 रुपये)। उस व्यक्ति को लगा कि उस उड़ान में वे दो भाग्यशाली लोगों में से अकेले थे, लेकिन बाद में पता चला तकनीकी खामी के चलते बड़े विमान को छोटे प्लेन से रिप्लेस करना पड़ा। इस कारण एयरलाइन ने यात्रियों से स्वेच्छा से अपनी सीट छोड़ने के बदले में उन्हें पैसों का लालच दिया।

## *यूएस ने अपने नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की, जम्मू-कश्मीर की यात्रा न करने की दी सलाह*

*वाशिंगटन (ए)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों को जम्मू-कश्मीर की यात्रा न करने की सलाह दी है। एडवाइजरी में कहा गया है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत के कई शहर हाई अलर्ट पर हैं।*

*अमेरिका ने दी चेतावनी*

*अमेरिकी विदेश विभाग ने अपनी सलाह में कहा है कि अमेरिकी नागरिकों को ये याद दिलाया जाता है कि विदेश विभाग ने जम्मू-कश्मीर के लिए यात्रा न करने की सलाह जारी की है। इसमें कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर में आतंकी हमले और हिंसक नागरिक अशांति संभव है। बता दें, भारत ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार संबंधों के मद्देनजर 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया तथा पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कम करने की घोषणा की, जिसमें उसके सैन्य राजनयिकों को भारत से बाहर करना भी शामिल है। भारत ने अटारी चेक पोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद करने का भी फैसला किया है। इसके अलावा, देश ने सार्क वीजा छूट योजना (SVES) के तहत जारी किए गए सभी वीजा को रद करने का फैसला किया है और पाकिस्तान के नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया है।*

# भारत ने पानी रोका तो सिंधु में जल नहीं अब खून बहेगा : हाफिज सईद



इस्लामाबाद (ए.)। कुख्यात आतंकी सरगना हाफिज सईद का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। हाफिज के वीडियो को हथियार बनाकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत को खुली धमकी दे रही है। वीडियो में हाफिज सईद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर जहर उगल रहा है। इसमें वह कहता है कि अगर भारत ने पानी रोका, तो 'दरियाओं में खून बहेगा।' ये धमकी ऐसे समय में आई है, जब भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर कड़े प्रतिबंध लगाए, जिसमें सिंधु जल समझौते पर रोक भी शामिल है।

हालांकि ये वीडियो पुराना है, लेकिन इसे मौजूदा हालात में वायरल करना पाकिस्तान की नई साजिश का हिस्सा माना जा रहा है। इस वीडियो के जरिए पाकिस्तान भारत को उकसाने और जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है। हाफिज सईद की धमकी कि 'पानी रुकेगा तो खून बहेगा' आने वाले दिनों में कश्मीर में और आतंकी हमलों की आशंका को बढ़ाती है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ने सोशल मीडिया पर हाफिज सईद का एक पुराना वीडियो वायरल किया है, जिसमें वह भारत के खिलाफ जहर उगल रहा है। वीडियो में हाफिज सईद कहता है, 'तू कहता है कि पाकिस्तान का पानी रोकेंगे, कश्मीर में डैम बनाकर पानी रोकोगे, पाकिस्तान को तबाह करना चाहता है, सीपीईसी के मंसूबों को नाकाम करना चाहता है। अगर तू पानी बंद करेगा, हम तेरी सांसें बंद करेंगे। इन दरियाओं में फिर खून बहेगा।' वह यह भी कहता है कि पीएम मोदी ढाका में खड़े होकर कह रहे हैं कि उन्होंने बांग्लादेश बनाने के लिए खून बहाया और इस्लामाबाद पर दबाव डाल रहे हैं कि हाफिज सईद चुप रहे।

## 35 सालों से लगातार काम कर रहा है हबल स्पेस टेलीस्कोप, नासा ने जारी की ब्रह्मांड की अद्भुत तस्वीरें

न्यूयॉर्क (ए)। नासा ने हबल स्पेस टेलीस्कोप की 35वीं वर्षगांठ के मौके पर कुछ बेहद शानदार और हाई-डेफिनिशन तस्वीरें जारी की हैं, जो हमारे सौरमंडल के ग्रहों से लेकर दूर-दराज की आकाशगंगाओं तक की झलक दिखाती हैं।नासा के मुख्यालय में खगोलभौतिकी विभाग के कार्यकारी निदेशक शॉन डोमागल-गोल्डमैन ने कहा, हबल ने 35 साल पहले ब्रह्मांड को देखने की एक नई खिड़की खोली थी। इसकी अद्भुत तस्वीरों ने दुनियाभर के लोगों को प्रेरित किया और इसके पीछे छिपे डेटा ने प्रारंभिक आकाशगंगाओं से लेकर हमारे सौरमंडल के ग्रहों तक कई चौंकाने वाले रहस्य उजागर किए।

# खेल समाचार

# आईपीएल में सीएसके और सनराइजर्स के बीच मुकाबला आज

## हारने वाली टीम प्लेऑफ की दौड़ से होगी बाहर

चेन्नई (ए)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को यहां आईपीएल मुकाबले में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। दोनो ही टीमों केलिए ये मैच बेहद अहम है। इसमें जो भी हारेगी वह प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। सनराइजर्स और सीएसके का प्रदर्शन इस आईपीएल सत्र में बेहद खराब रहा है। दोनो ही टीमें दो-दो मैच जीती है और आईपीएल अंक तालिका में अंतिम दो स्थानों पर हैं। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी संभावनाएं बनाये रखनी हैं तो अपने बचे हुए सभी मैच जीतने होंगे।

सीएसके की टीम अपने घरेलू मैदान पर खेलेगी पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि अब तक उसके बल्लेबाज और गेंदबाज घरेलू विकेट का लाभ नहीं उठा पाये हैं। सीएसके ने स्पिनर नूर अहमद की गेंदबाजी के बल पर पहले ही मैच में मुंबई इंडियंस को हराकर जीत के साथ अच्छी शुरुआत की थी पर इसके बाद उसकी टीम को अपने घरेलू मैदान पर तीन बार हार झेलनी पड़ी थी। इसी कारण उसके कोच ने भी पिच की आलोचना की थी। यहां का विकेट स्पिनरों के लिए सहायक रहा है पर इस बार यहां तेज गेंदबाजों को सहायता मिल रही है जिससे बल्लेबाजों को रनों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। टीम को बाहर के मैदानों पर भी परेशानी का सामना करना पड़ा है। उसे दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच में ही जीत मिली है। इस कारण बल्लेबाजों और गेंदबाजों का खराब प्रदर्शन बताया जा रहा है। नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड के चोटिल होने के कारण बाहर होने से भी उसकी मुश्किलें बढ़ी हैं।



वहीं अब टीम की कप्तानी संभाल रहे महेंद्र सिंह धोनी किस प्रकार टीम को आगे ले जाते हैं ये देखना होगा। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के अहम क्षणों में लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई के लिए 17 साल के आयुष म्हात्रे पर भी सभी की नजरें रहेंगी । इस युवा बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाजी की थी। सीएसके ने बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्डब्रेविस को भी अपनी टीम में शामिल किया है। दूसरी ओर सनराइजर्स की हालत भी सही नहीं है। टीम की ताकत बल्लेबाजी मानी जाती है पर उसी में टीम इस बार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। टीम की गेंदबाजी भी प्रभावहीन है। पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन करने वाले ट्रैविस हेड का बल्ला इस बार खामोश है। अभिषेक शर्मा ने अब तक अच्छी बल्लेबाल की है और एक मैच में 141 रन भी बनाये थे पर वह हर मैच में रन नहीं बना सकते। मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने भी स्वीकार किया है कि उनके मध्यक्र के बल्लेबाज साझेदारी बनाने में असफल रहे हैं। इसके अलावा गेंदबाजा भी विरोधी टीम पर अंकुश नहीं लगा पाये हैं। ऐसे में ये मुकाबला करीबी हो सकता है। सीएसके की बल्लेबाज रचिन रवींद्र, शिवम दुबे और कप्तान धोनी पर अधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान मुकेश कुमार वह स्पिनर आर अश्विन के पास रहेगी। सनराइजर्स की बल्लेबाजी हेड और अभिषेक के अलावा हेनरिक क्लासेन पर आधारित है। उसकी गेंदबाजी जयदेव उनादकट, ईशान मलिंगा के अलावा राहुल चाहर पर आधारित है।

## मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ने रोहित शर्मा को लेकर कह डाली ये बड़ी बात, फैंस ने जताई खुशी

हैदराबाद (ए)। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की प्रशंसा की है, जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक जड़कर पांच बार की चैंपियन टीम को आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ में वापस ला दिया है।

सनराइजर्स हैदराबाद पर मुंबई इंडियंस की सात विकेट की शानदार जीत के बाद, बोल्ट ने रोहित को विश्व स्तरीय खिलाड़ी बताया, जिसका फॉर्म टीम के रिकॉर्ड छठे खिताब की तलाश में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में बोल्ट ने कहा, मुझे लगता है कि पूरी मुंबई इंडियंस टीम में कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और जाहिर तौर पर रोहित को इस संबंध में किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि हर कोई किसी न किसी मौके पर योगदान देना चाहता है, लेकिन रोहित हाल ही में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और सही समय पर अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए वह सीजन के बाकी बचे हिस्से में हमारे लिए बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि आपको किसी भी भूमिका के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन की शानदार पारी खेली, जिससे मुंबई ने 15.4 ओवर में 144 रनों का मामूली लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले बोल्ट ने नई गेंद से 4-26 विकेट लिए थे, जिससे एसआरएच का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया था। इस जीत ने न केवल मुंबई की प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा, बल्कि उनके नेट रन रेट को भी काफी हद तक बढ़ाया, जिससे वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बोल्ट ने कहा कि वह नए कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में अपने समय का आनंद ले रहे हैं। हार्दिक एक जोशीले क्रिकेटर हैं। वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं और अच्छी तरह से संवाद करते हैं। वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं और उनके नेतृत्व में खेलना एक ताजा अनुभव है। उन्होंने कहा, राजस्थान में मैं मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी करने के लिए तैयार था। मैं 10 आईपीएल सीजन खेलने के लिए काफी भाग्यशाली रहा हूं, जहां हर बार एक ही तरह की रेसिपी नहीं रही। इसलिए मुझे लगता है कि पहली बात यह है कि आपको हमेशा गेंद पर नियंत्रण रखना चाहिए। टीम में कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। जाहिर है, (जसप्रीत) बुमराह को भी किसी परिचय की जरूरत नहीं है, इसलिए उनके पास फिर से गेंद होना बहुत अच्छा है।

## रोहित को अर्धशतकीय पारी के लिए मिला विशेष अवार्ड



मुम्बई (ए)। मुम्बई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी के लिए विशेष इनाम मिला है। इस मैच में रोहित की 70 रनों की पारी से मुम्बई इंडियंस को इस मैच में शानदार जीत मिली जिससे वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। रोहित ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाया था। इस प्रकार लगातार दो मैचों में जीत में उनकी भूमिका रही है। इसी कारण टीम कके ड्रेसिंग रूम में उन्हें विशेष अवार्ड दिया गया। मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी अपने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए ड्रेसिंग रूम में एक समारोह भी आयोजित करती है। इस समारोह में ही रोहित को सम्मानित किया गया।

रोहित मुंबई इंडियंस के इस वीडियो में कहते नजर आ रहे हैं, हम जो करते आ रहे हैं आगे भी वही करेंगे। मैच से पहले मैंने हर्डल में बात की थी कि हमें निरंतर रूप से चीजें करनी होगी। इसी का फल मिला है। हमें आगे भी ऐसा ही करना होगा।रोहित ने इससे पहले वानखेड़े के अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। सन 2016 के बाद यह पहला अवसर है जब रोहित ने लगातार 2 अर्धशतक लगाये हैं।

## जायंट्स के पास अभी भी है प्लेऑफ में पहुंचने का अवसर

मुम्बई (ए)। इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल में टीमों ने आधे से अधिक लीग मैच खेल लिए हैं और अब प्लेऑफ के लिए सभी टीम अपना जोर लगा रही हैं। गुजरात टाइटंस पहले और दिल्ली कैपिटल्स दूसरे जबकि रॉयल चैलेंजस बेंगलुरु तीसरे स्थान पर है। वहीं पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है। इन चारों के अलावा पांचवे नंबर पर चल रही लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम भी प्लेऑफ की दावेदार बनी हुई है हालांकि दिल्ली कैपिल्स से मिली हार के बाद उसे झटका लगा है।

जायंट्स ने अब तक ने अब तक 9 मैच खेलने के बाद 5 जीत से कुल 10 अंक हासिल किए हैं। टीम के पास अभी 5 मुकाबले बचे हैं जिसमें उसको कम से कम चार जीत की जरूरत होगी। अगर 18 अंक तक लखनऊ की टीम पहुंच जाए तो उसकी जगह शीर्ष 4 में लगभग पक्की हो जाएगी। अगले चार मैच में जीत के बाद नेट रन रेट के सहारे टीम अगले दौर में जगह बना सकती है। दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब लखनऊ की टीम का अगला मुकाबला 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस से होगा। इसके बाद पंजाब किंग्स के साथ वह खेलेगी। इन दोनों मुकाबलों के बाद लखनऊ के प्लेऑफ में पहुंचने की स्थिति स्पष्ट होगी। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु, गुजरात टाइटंस और आखिरी लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से टीम को खेलना है। इस समय अंक तालिका में गुजरात टाइटंस की टीम 8 में से 6 मैच जीतकर शीर्ष पर है। वहीं दिल्ली कैपिटल्स की टीम नेट रन रेट के आधार पर दूसरे नंबर पर है। वहीं 8 मैच में 5 जीत से 10 अंक लेकर आरसीबी की टीम तीसरे नंबर पर है। इतने ही मुकाबले और जीत के साथ पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है।




## सीएसके के खराब प्रदर्शन से चिन्तित नहीं : विश्वनाथन

नई दिल्ली (ए)। आईपीएल में इस बार पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) अपने खराब प्रदर्शन के लिए प्रशंसकों के निशाने पर है। सुरेश रेना सहित कई क्रिकेटरों का कहना है कि टीम में जीत की भूख नहीं है। वहीं टीम के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि आईपीएल मुकाबले केवल एक खेल है। एक फ्रेंचाइजी के तौर पर सीएसके कभी नहीं घबराती और अपने प्रदर्शन को लेकर परेशान नहीं है। सीएसके इस सत्र में लगातार मिली हार के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे है। टीम की बल्लेबाजी कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के बाहर होने के बाद कमजोर हुई है। सीएसके के सीईओ ने अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे में कहा, 'हम उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। हम सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं और हम अगले कुछ मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने के प्रयास करेंगे। हम अपनी फ्रेंचाइजी के प्रदर्शन को लेकर कभी घबराते नहीं, यह सिर्फ एक खेल है।

गायकवाड़ की अनुपस्थिति में महेंद्र सिंह धोनी टीम की कमान संभाल रहे हैं पर मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा कि उनके पास कोई जादू की छड़ी नहीं है जिससे वे रातों-रात टीम के प्रदर्शन को बदल देंगे। मुंबई इंडियंस से हार के बाद सुपरकिंग्स को प्ले ऑफ की उम्मीद जीवंत रखने के लिए अपने बाकी बचे सभी मुकाबले जीतने होंगे। वहीं धोनी को लेकर विश्वनाथन ने कहा, 'देखिए, यह किसी एक का सवाल नहीं है। यह सवाल है कि टीम को अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए, ना कि सिर्फ एक व्यक्ति को। हम टीम प्रबंधन से बात नहीं करते। धोनी वही करेंगे जो टीम के लिए सही होगा।।

## आईपीएल 2025 : बुमराह ने की मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने के मलिंगा के रिकॉर्ड की बराबरी

हैदराबाद (ए)। भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराते जा रहे हैं। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आईपीएल 2025 के 41वें मैच में बुमराह ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की, उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए सबसे अधिक विकेट लेने के लसिथ मलिंगा के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी की।

लगभग एक दशक से मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ रहे बुमराह ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपने स्पेल की अंतिम गेंद पर यह उपलब्धि हासिल की, जब उन्होंने खतरनाक हेनरिक क्लासेन को आउट किया। मैच में बुमराह का यह एकमात्र विकेट था। लेकिन यह विकेट ऐतिहासिक साबित हुआ। बुमराह ने मुंबई इंडियंस के लिए 170 विकेट लिए और दिग्गज मलिंगा की बराबरी की। यह मैच बुमराह का मुंबई के लिए 138वां आईपीएल मैच था। इस सीजन में मुंबई ने अपने गेंदबाजों के साथ रोटेशन नीति अपनाई।

# हम सब की संयुक्त जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संचयन तथा जल स्त्रोतों का संरक्षण करें : कलेक्टर सोनिया मीना

***समग्र ई-केवाईसी, पीडीएस ई-केवाईसी, फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा की***

***कार्य में प्रगति न करने वाले पटवारियों, ग्राम पंचायत सचिव एवं जीआरएस तथा एसडीओपी जल संसाधन सिवनी मालवा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए***



नर्मदापुरम (निप्र)। बुधवार को नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने सिवनी मालवा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंनें समग्र ईकेवायसी, सार्वजनिक वितरण प्रणालि के तहत मिलने वाले राशन के हितग्राहियों की ई केवायसी, फार्मर रजिस्ट्री, जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति, गेंहू खरिदी केन्द्रों का निरीक्षण तथा नहरों द्वारा छोड़े जा रहे पानी की समीक्षा की। उन्होंनें ग्राम पंचायत बावडिया भाउ, पगढ़ाल, कोठरा पहुंच कर ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। साथ ही उन्हें जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सक्रिय भागीदारी किये जानें के लिए प्रेरित किया। जनपद पंचायत सिवनी मालवा की ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों के समग्र ई–केवाईसी, पीडीएस ई–केवाईसी, फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन की प्रगति की समीक्षासर्वप्रथम कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बावड़िया भाऊ का भ्रमण कर वहां समग्र ई–केवाईसी एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) ई–केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामवासियों की अब तक की गई ई–केवाईसी प्रक्रिया की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जिन पात्र हितग्राहियों की ई–केवाईसी प्रक्रिया अभी लंबित है, उसे शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।कलेक्टर ने कहा कि ई–केवाईसी प्रक्रिया का पूर्ण होना आवश्यक है ताकि सभी हितग्राही शासन की योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त कर सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और समय सीमा के भीतर ई–केवाईसी पूर्ण की जाए। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने एसडीएम सिवनी मालवा श्रीमती सरोज परिहार को यह भी निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत जिस गांव की प्रगति सबसे कम है, उसकी पहचान कर वहां फार्मर आईडी बनाए जाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने इस कार्य में विशेष रुचि लेकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान उन्होंने फार्मर आईडी बनाए जाने की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। कलेक्टर ने तहसीलदार सिवनी मालवा को निर्देशित किया कि जिन पटवारियों द्वारा फार्मर आईडी के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

# इंकमटैक्स कमिश्नर बना तनिष्क

## पूर्व विद्यार्थी का सम्मान कर समेरिटंस के गुरुजन हुए गौरवान्वित



नर्मदापुरम (निप्र)। समेरिटंस विद्यालय के लिए गुरुवार का दिन वास्तव में गौरवान्वित करने वाला था। अपने ही विद्यार्थी का सम्मान करके संस्था और गुरुजन स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहे थे। उनकी प्रसन्नता हृदय में समा नहीं पा रही थी। जिस विद्यार्थी को उन्होंने पढ़ाया थाए डांटा था और कभी मारा भी होगा, वह आज अफसर बनकर उनके ही विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित था और गुरुजन उसका सम्मान कर रहे थे। ज्ञात रहे कि विद्यालय के वर्ष 2016 के बैच के विद्यार्थी तनिष्क राजपूत का यूपीएससी के जरिए इंकमटैक्स कमिश्नर के पद पर चयन हुआ है। तनिष्क ने बताया कि उसने अपने तीसरे प्रयास में देश की सर्वोच्च परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके लिए उसने किसी प्रकार की कोचिंग न करते हुए घर पर रहकर ही पढ़ाई की। वह प्रतिदिन आठ से दस घंटे पढ़ते थे और मोबाइल से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। उन्होंने आपकी सफलता का सारा श्रेय परिजनों और गुरुजनों को दिया। स्कूल में आज उन्होंने पुराने दिनों को याद किया। विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सभी मन लगाकर पढ़ें और शिक्षकों का सम्मान करें उनकी हर बात मानें तो सफलता आपसे अधिक दिनों तक दूर नहीं रह सकती। संस्था के डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा, प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत, सचिन खंपरिया, राजेंद्र रघुवंशी सहित अन्य शिक्षकों ने तनिष्क का सम्मान किया। डा शर्मा ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब समूचे देश में हर रचनात्मक और अन्य क्षेत्रों में हमारी संस्था के शिक्षित बच्चे महत्वपूर्ण स्थानों पर रहकर देश और समाज की सेवा करेंगे।

# महादेव वेलफेयर सोसायटी ने श्रद्धांजलि अर्पित की



नर्मदापुरम (निप्र)। महादेव वेलफेयर सोसाइटी नर्मदापुरम ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जिला अध्यक्ष मिहिर श्रीवास्तव जिला संरक्षक दीपक पटेल जिला प्रभारी मयंक तोमर जिला उपाध्यक्ष रजत यादव जिला सोशल मीडिया प्रभारी दीपक साहू जिला महामंत्री कमल कहार जिला कार्यालय मंत्री सौरभ परसाई जिला आई टी सेल प्रभारी अमन गौर जिला सह संयोजक छत्रपाल ठाकुर जिला मंत्री नवीन यादव जिला कोषाध्यक्ष हिमांशु यादव जिला सह संयोजक जितेंद्र मौर्य जिला सह कार्यालय मंत्री मुकेश सरयाम संदीप कहार, आदि मौजूद रहें।

# जिले में गेहूं खरीदी कार्य सुचारु रूप से जारी

### 23392 किसानों से 244335 मीट्रिक टन गेहूं का हुआ उपार्जन

नर्मदापुरम (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025–26 में 15 मार्च से जिले के ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत 64988 किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक को 1911 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया गया एवं 17333 मी.ट स्कंद का उपार्जन हुआ। जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में स्थापित 171 उपार्जन केन्द्रों पर आज दिनांक तक कुल 36385 किसानों के द्वारा अपना स्लॉट बुक किया गया है जिनमें से 23392 किसानों से 244335 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। उपार्जित स्कंद्ध की भुगतान योग्य राशि के विरूद्ध 472.50 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि परिवहन व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल उपार्जित स्कंद के विरुद्ध 220001 मीट्रिक टन (94.86 प्रतिशत) मात्रा का परिवहन किया जा चुका है। वर्तमान में 211200 मीट्रिक टन उपज की मात्रा स्वीकृत हो चुकी है और WHR (वेयरहाउस रसीद) के अंतर्गत 164253 मीट्रिक टन संग्रहित की गई है।

# पहलगाम मे हुई दुःखद घटना नगर कांग्रेस ने श्रद्धांजलि अर्पित की

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम द्वारा पहलगाम में हुई दुःखद घटना में शहीद हुए हमारे देश के नागरिकों को स्थानीय सतरास्ते पर श्रद्धांजलि अर्पित की। नगराध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा ये दिल दहला देने वाली दुःखद घटना से समस्त भारतवासी स्तब्ध है आतंकवाद के खिलाफ सारा देश एकजुट है मासूम और बेगुनाहो की जान से इंसानियत शर्मसार है भारत सरकार को चाहिए की इन दरिंदो के साथ वही सुलूक किया जाये जो ये निहत्ते बेगुनाहो के साथ करते हैं श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में संगठन उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव चंद्रगोपाल मलैयाए नेता प्रतिपक्ष नपा अनोखी राजोरिया अरुण दीक्षितए लखन रघुवंशी संतोष तोमरए कमलेश बाथरेए अजय शर्माए नसीम कुरैशीए दीपक सिसोदिया जिला युकां अध्यक्ष हुजेफा बोहरा विजेंद्र राजपूत धीरज बहुत्रा देवीदास चावरिया बबलू राठौर अंकित दुबे रोहन जैन शैलेन्द्र तोमर विशाल प्रधान महेंद्र गुजरे आफरीद खान अरुण प्रधान हीरालाल कृष्ण कुमार मालवीय आदि शामिल रहे।

# छोटे ने बड़े भाई को मौत के घाट उतारा

**मां से झगड़ने से मना किया तो छोटे भाई ने बड़े भाई की कर दी हत्या**



नर्मदापुरम/पिपरिया(निप्र)। पिपरिया से एक दुखद घटना सामने आई है। एक छोटे ने बडे भाई की मामूली बात पर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पिपरिया के अंतर्गत पुरानी बस्ती में विगत रात्रि में रिश्तो को तार तार करने वाली एक घटना सामने आई है। जिसमें एक युवक अपनी मां से झगड़ा कर रहा था उसे मना करना बड़े भाई की जान पर भारी पड़ गया। छोटे भाई ने बड़े भाई के सीने में चाकू घोंपकर कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। यह घटना विगत रात्रि करीब 12 बजे की बताई जा रही है। पुरानी बस्ती में आरोपी छोटा भाई महेश केवट अपनी मां से झगड़ा करते हुए गालियां दे रहा था। इस दौरान उसके बड़े भाई देवकीनंदन केवट ने उसे समझाते हुए कहा कि भाई तू मां को गाली क्यों दे रहा है इसी बात को लेकर महेश ने अपने बड़े भाई देवकीनंदन के ऊपर हमला कर दिया और उसके सीने में चाकू से बार कर घायल कर दिया जिससे वह घायल हो गया उसे परिजनों ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने देवकीनंदन को मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी लगते ही मंगलवारा थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच प्रारंभ की। गुरुवार सुबह जिले से आईएफएसएल के अधिकारी ऋषिकेश यादव ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। शासकीय सिविल अस्पताल में मृतक का पीएम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# विश्व मलेरिया दिवस आज

### मलेरिया के मच्छर से बचाव हेतु जिला मलेरिया अधिकारी ने आमजनों से की अपील

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. दिनेश देहलवार ने बताया कि 25 अप्रैल 2025 को विश्व मलेरिया दिवस है जिसकी थीम मलेरिया एंड्स विथ यूएस; रिइन्वेस्ट. रिइमेजिन रिइग्नाइट है। डॉ. दिनेश देहलवार ने बताया कि मलेरिया एक प्रकार का बुखार है जो संक्रमित मादा एनाफिलीस मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया के लक्षण ठंड लगकर तेज बुखार, सरदर्द, उल्टी एवं गंभीर स्थिति में बेहोशी आना है। मलेरिया रोगी को मलेरिया का पूरा उपचार लेना चाहिये। पूरा उपचार नही लेने पर मरीज की जान को भी खतरा रहता है तथा अन्य लोगो में भी मलेरिया फैलने की संभावना रहती है। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। बुखार आने पर मलेरिया की जांच आवश्यक कराये। मलेरिया की जांच सभी स्वास्थ्य संस्थाओ में एवं ग्रामो में आशा कार्यकर्ता के पास निशुल्क उपलब्ध हैं। जिला मलेरिया अधिकारी, अरूण श्रीवास्तव ने आमजन से अपील की है कि मलेरिया के मच्छर से बचाव हेतु घर के आसपास पानी न जमा होने दे। रूके हुये पानी की निकासी करे। यदि निकासी संभव न हो तो मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑयल डाल दे। शाम को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करे। घर के खिड़की दरवाजे में मच्छर रोधी जाली लगवाये, पूरी अस्तिन के कपडे पहने। शाम के समय नीम के पत्ती का धुंआ करे। घर के आस पास साफ सफाई रखे। कूलर, टंकी, होज, नाद आदि सभी का प्रत्येक सात दिवस में पानी आवश्यक बदले।

# रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन हेतु 30 अप्रैल तक की जा सकेगी स्लाट बुकिंग

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 5 मई 2025 तक किया जाना है। कृषक द्वारा उपज विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग उपार्जन के अंतिम 10 दिनों को छोड़कर की जा सकेगी। स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्य दिवस होगी। तत्संबंध में उप संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, मध्यप्रदेश ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, गेहूं उपार्जन हेतु स्लॉट बुकिंग 30 अप्रैल 2025 तक की जा सकेगी।

# NFSA अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों में से संदिग्ध हितग्राहियों का किया जाएगा सत्यापन

नर्मदापुरम (निप्र)। भारत सरकार द्वारा 2013 के तहत पात्र हितग्राहियों का डाटा एनलिसिस किया गया है, जिसमें जिला नर्मदापुरम में 1401 हितग्राही संदिग्ध पाए गए हैं। तत्संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जिला नर्मदापुरम, समस्त मुख्य नगरपालिका /नगर परिषद अधिकारी जिला नर्मदापुरम एवं समस्त सहायक/कमिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जिला नर्मदापुरम को निर्देशित किया है कि वे इन हितग्राहियों के सत्यापन के लिए मौके पर पाए जाने वाले समस्त हितग्राहियों के ईकेवायसी करने के लिए गठित दल द्वारा संदिग्ध हितग्राहियों का मौके पर सत्यापन कराया जाए। मौके पर पाए जाने वाले समस्त हितग्राहियों की eKYC कराई जाए। संदिग्ध हितग्राहियों में से मृत, अपात्र, अस्थाई रूप से प्रवासी या दोहरे हितग्राहियों को विलोपित किया जाए और मौके पर उपलब्ध पात्र हितग्राहियों को यथावत रखा जाए।

# नगर पालिका फिर कर रही है अतिक्रमण हटाने की कवायद

## नपा कह रही है कि दोबारा सड़क मार्ग अवरूद्ध किया तो होगा जुर्माना

नर्मदापुरम (निप्र)। पूर्व में भी नगर पालिका के द्वारा दर्जनों बार नगरीय क्षेत्र के अतिक्रमण हटाने की कवायदें की जा चुकी हैं। लेकिन अतिक्रमण करने वाले फिर से उसी स्थान पर नपा को ठेंगा दिखते हुए अतिक्रमण कर लेते हैं। फिर दोबारा नपा वही कवायद करती है। नपा के द्वारा एक बार फिर से अतिक्रमण हटाना शुरू किया जा रहा है। गुरुवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों से फल एवं सब्जी के ठेले वालों के साथ ही अवैध रूप से सड़क किनारे रखे टपों को हटाया गया। करीब 35 चिह्नित स्थानों से अतिक्रमण को हटाकर उन्हें हिदायत दी गई है। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही सड़क किनारे फल और सब्जी के ठेले लगाने वालों को भी हटाकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। नपा द्वारा ऐसा कहा जा रहा है कि अब दोबारा सड़क किनारे फल एवं सब्जी के ठेले लगाकर मार्ग अवरूद्ध किया तो जुर्माने की भी कार्रवाई की जाएगी। करीब 35 चिह्नित अतिक्रमण हटाए गए हैं। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार देवशंकर धुर्वे सहित उनकी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। सुनील राजपूत ने बताया कि सीएमओ द्वारा प्रतिदिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की समीक्षा की जा रही है। नगर की सड़कों को अवरूद्ध कर व्यवसाय करना उचित नहीं है। उक्त कार्रवाई नगर में अब लगातार जारी रहेगी। ऐसा पहले भी अनेक बार नपा के द्वारा कहा जाता रहा है। यह अतिक्रमण वाले जानते हैं। इसलिए नपा का रूख देखकर अपने टप या हाथ ठेला कुछ समय के लिए दायें बायें रख लेते हैं। उसके बाद फिर वहीं आ जाते हैं। सुनील से संपर्क कर लेते हैं।

### कब हटेंगे अवैध होर्डिंग

नपा की सीएमओ ने पिछले माह ही कहा था कि शहर के अवैध होर्डिंग हटाए जाएंगे लेकिन तब से लेकर दर्जनों होर्डिंग और तैयार हो गए। शहर में लगातार अवैध होर्डिंग की संख्या नपा को चिढ़ा रहे हैं। तथा खुली चेतावनी दे रहे हैं कि आप से बन सके तो हटाओ। नगर के नागरिक सीएमओ से पूछ रहे हैं कि नगरीय क्षेत्र के अवैध होर्डिंग आखिर कब हटेंगे और हटेंगे कि नही।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किया गया श्रमदानः ग्राम सागाखेड़ा में जागरुकता एवं सहभागिता का परिचय

नर्मदापुरम (निप्र)। ब्लॉक माखन नगर के ग्राम सागाखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्रमदान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास प्रफुटन समिति के अध्यक्ष राहुल शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल एवं ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था एवं साथी सामाजिक सेवा समिति द्वारा जल संरक्षण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक श्रमदान से हुई, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इसके पश्चात ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने



जल संरक्षण की आवश्यकता और उसके उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सामाजिक सेवा समिति से नीरज चतुर्वेदी ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें पानी की एक–एक बूंद बचानी होगी, तभी जल गंगा संवर्धन अभियान सफल हो सकेगा। नवांकुर संस्था के प्रतिनिधियों हरीश नामदेव, सुरेश यादव, मनीष पाल एवं अन्य सहयोगियों ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ ली।संस्था ने जल ही जीवन है की भावना को आत्मसात करते हुए जल की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में CMCLDP छात्रा किरण मेहरा, नीरज मेहरा, संतराम केवट, कस्तूरी, रोहित अनिल समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया जा रहा सोक पिट निर्माण और सार्वजनिक प्याऊ की स्थापना

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर जल संचयन एवं संरक्षण की दिशा में नित नए क्रियाकलाप किये जा रहे हैं।अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने की दिशा में जिले में कई स्थानों पर सराहनीय पहल की गई है। इस अभियान के तहत जिले की विभिन्न तहसीलों में चुनिंदा स्थानों पर सोक पिट गड्ढों का निर्माण कार्य किया जा रहा है।इन सोक पिट्स के माध्यम से हैंडपंप एवं अन्य जलस्त्रोतों से निकलने वाला अतिरिक्त जल भूमि में समाहित होकर जलस्तर को पुनः भरने में सहायक सिद्ध होगा। यह उपाय जल संकट की समस्या से निपटने में एक प्रभावी प्रयास माना जा रहा है।इसके साथ ही भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए जिले के प्रमुख चौक–चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ (जल स्टैंड) स्थापित किए गए हैं, ताकि राहगीरों और आम जनमानस को शीतल पेयजल सुलभ हो सके। जिला प्रशासन द्वारा भी आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं, जल के संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाएं और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएं।

# गेहूं उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण जारी, एसडीएम सोहागपुर ने किया माँ रेवा वेयरहाउस का निरीक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार समस्त अनुभागीय अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में सोहागपुर एसडीएम अनिल जैन द्वारा सोहागपुर तहसील अंतर्गत ग्राम गुरमखेड़ी स्थित माँ रेवा वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जित गेहूं की बोरियों का वजन तुलवाकर जांच की तथा यह सुनिश्चित किया कि उपार्जन कार्य शासन के निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार हो रहा है या नहीं।उन्होंने उपार्जन केंद्र पर संधारित की जा रही पंजीयों एवं अभिलेखों का अवलोकन कर उनकी जांच की। एसडीएम श्री जैन ने उपार्जन केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया कि क्रय की गई उपज का शीघ्रतापूर्वक परिवहन सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की हानि से बचा जा सके। साथ ही, खुले में रखे गए गेहूं की बोरियों की शीघ्र तुलाई कर सुरक्षित भंडारण के निर्देश भी दिए गए।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com